www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | देश-विदेश

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 8 जून 2022, शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-108 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

यह लाइफहमेशा एक मौका जरूर देती है, सरल शब्दों में जिसे कल कहते है!

आज बेबाक

बढ़ती उम्र के कारण वैसे ही फिल्में कम मिल रही है। जो मिल भी रही है वह बाक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर रही है। वाकई बेचारे सल्लू मियां के बड़े बुरे दिन चल रहे है। पेप्सी और तेल से लेकर जूते चप्पल तक न जाने क्या-क्या अगड़म-बगड़म बेच कर अपना गुजारा करना पड़ रहा है। ऊपर से दूबर पर दो आषाढ़ वाली कहावत चरितार्थ हो गई है। एक गैंगस्टर ने उनको धमकी देकर उनकी धुकधुकी बढ़ा दी है। खुद को सुल्तान समझने वाले बजरंगी भाईजान की सारी दबंगई निकल गई। अब उन्हे और ज्यादा बाडीगार्ड रखना पड़ेगा।

सूर्योदय

उदय : 5.44 प्रात:

अस्त : 7.07 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,952,291,790

भारत : 1,406,700,690

बाजार

संसेक्स : 55107.34

निफ्टी : 16416.30

गोल्ड : 51,930 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,900 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.66 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	45.1	29.3
बिलासपुर	44.4	30.2
जगदलपुर	36.6	25.0
अंबिकापुर	42.0	27.4

आज का इतिहास

विश्व महासागर दिवस - विश्व महासागर दिवस प्रतिवर्ष 8 जून को मनाया जाता है। समुद्र की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दिवस की शुरुआत वर्ष 1992 में की गई थी। सन 1992 में रियो डी जनेरियो में हुए 'पृथ्वी ग्रह' नामक फोरम में प्रतिवर्ष विश्व महासागर दिवस मनाने के फैसले के बाद और सन 2008 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस संबंध में आधिकारिक मान्यता दिए जाने के बाद से यह दिवस मनाया जाने लगा है। विश्व महासागर दिवस मनाने का प्रमुख कारण विश्व में महासागरों के महत्व और उनकी वजह से आने वाली चुनौतियों के बारे में विश्व में जागरूकता पैदा करना है। इसके अलावा महासागर से जुड़े पहलुओं, जैसे- खाद्य सुरक्षा, जैव-विविधता, पारिस्थितिक संतुलन, सामुद्रिक संसाधनों के अंधाधुंध उपयोग, जलवायु परिवर्तन आदि पर प्रकाश डालना है।

विधायकों से मिले सीएम भूपेश व हरियाणा के पूर्व सीएम हुड्डा

■ **राज्यसभा चुनाव के लिए तय की रणनीति, नया रायपुर में ठहराए गए हैं 28 विधायक**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में हरियाणा राज्यसभा चुनाव की रणनीति बनाने में कांग्रेस जुट गई है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को नया रायपुर के रिसॉर्ट पहुंचकर विधायकों से बातचीत की। बात दें कि हरियाणा में राज्यसभा चुनाव के लिए 10 जून को वोटिंग होगी। मतदान में केवल अब 2 दिन बचे हैं। ऐसे में हरियाणा के नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा राज्यसभा चुनाव के लिए आर्ब्जवर नियुक्त किए छग के सीएम भूपेश बघेल के साथ विधायकों से मिलकर चुनाव की रणनीति तय की। राज्यसभा चुनाव के दौरान हरियाणा और गुजरात में भाजपा समर्थित निर्दलियों से कांग्रेस को चुनौती मिल रही है। खतरा अपने ही विधायकों की क्रास वोटिंग का है। इससे बचने के लिए विधायकों की रायपुर में बाड़ेबंदी की गई है। सोमवार को राजीव शुक्ला दिल्ली से सीधे रायपुर आए और विधायकों से मिलने पहुंच गए। बताया जा रहा है कि सोमवार रात 9 बजे के करीब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी हरियाणा के विधायकों से मिलने पहुंचे। उन्होंने वहां कुछ देर उन लोगों से बात की, उसके बाद वे वापस लौट आये। मंगलवार दोपहर बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक बार फिर रिसॉर्ट पहुंचे। यहां हरियाणा कांग्रेस के विधायकों, पदाधिकारियों के साथ उनकी बैठक हुई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, पार्टी ने उनको पर्यवेक्षक बनाया है इसलिए वे सबसे मुलाकात करने चले आए। हुड्डा भी आए हैं, उनसे भी मुलाकात हुई। वहां एक सीट भाजपा के पास है, एक सीट कांग्रेस के पास। जबरदस्ती एक सीट पर प्रत्याशी खड़ा करा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्हें पूरा विश्वास है कि वहां हमारी जीत होगी। एक सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा कोशिश कर रही है, लेकिन उन्हें सफ लता नहीं मिलेगी।

2 जून से रायपुर में हैं विधायक

हरियाणा कांग्रेस के 28 विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों का जत्था 2 जून से ही रायपुर में है। इन विधायकों को नवा रायपुर के एक रिसॉर्ट में भारी सुरक्षा के बीच ठहराया गया है। वहां पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आना-जाना जारी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 2 जून को ही नेताओं से मिलने रिसॉर्ट गए थे।

निर्दलीय उम्मीदवार ने समीकरण बिगाड़ा

कांग्रेस ने हरियाणा से अजय माकन को टिकट दिया है। वहीं भाजपा ने कृष्णलाल पंवार को उम्मीदवार बनाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा के बेटे कार्तिकेय शर्मा ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर ताल ठोका है। कार्तिकेय को जननायक जनता पार्टी और निर्दलीयों को समर्थन हासिल है। हरियाणा विधानसभा में 90 सीट है। ऐसे में राज्यसभा में जीत के लिए 31 वोटों की जरूरत होगी ही। कांग्रेस के पास वहां 31 विधायक हैं। लेकिन कार्तिकेय शर्मा की दावेदारी ने पेंच फंसा दिया है।

हसदेव पर मुख्यमंत्री भूपेश का बड़ा बयान

बाबा नहीं चाहते तो पेड़ क्या एक डंगाल तक नहीं कटेगी : सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। जहां तक बाबा साहब के बयान कि बात है। गोली चलाने की नौबत ही नहीं आएगी। कोई गोली चलाए उसके पहले ही गोली चलाने वाले पर गोली चल जाएगी। यदि टीएस सिंहदेव नहीं चाहते की वहां पेड़ न कटे तो वहां पेड़ तो क्या एक डंगाल भी नहीं कटेगी। ये बयान सीएम भूपेश बघेल ने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के बयान पर दिया है। दरअसल, हसदेव अरण्य को लेकर सूबे में राजनीति तेज होती जा रही है। लगातार हसदेव अरणय से वनों की कटाई पर विरोध जताया जा रहा है। एक तरफजहां प्रभावित इलाके के ग्रामीण पेड़ नहीं कटने देने पर अड़े हैं वहीं राजस्थान सरकार अपने यहां ब्लैक आउट का खतरा जताते हुए जल्द खनन शुरू कराने पर अड़ी है। वहीं इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने भी राजस्थान सरकार सहयोग करना शुरू कर दिया है। वहीं लगातार विरोध ■ शेष पृष्ठ 6 पर



सीएम ने भाजपा पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर भी हमला बोला है। उन्होंने कहा, अगर उनको लगता है कि स्थानीय लोग खनन का विरोध कर रहे हैं। वहां खदान नहीं खुलनी चाहिए तो केंद्र सरकार से मिलें। वहां बात कर कोल ब्लॉक का आवंटन ही रद्द करा दें। न रहेगा बांस और न बजेगी बांसुरी। भाजपा ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार पर जबरन खनन का आरोप लगाया है।

सोमवार को टीएस ने की थी मुलाकात

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने कोयला खदान परियोजनाओं का विरोध कर रहे स्थानीय ग्रामीणों के समर्थन में सोमवार को सरगुजा जिले के हसदेव अरंड क्षेत्र के गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि विरोध करने वालों पर लाठी या गोली चली तो इसे झेलने वाले वह पहले व्यक्ति होंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि वह दिल्ली जाएंगे और पार्टी नेता राहुल गांधी को प्रदर्शनकारियों के दर्द और उनकी मांगों से अवगत कराएंगे। सिंह देव की यह टिप्पणी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा यह कहने के एक दिन बाद आई है कि जो लोग हसदेव अरंड क्षेत्र में कोयला खनन का विरोध कर रहे हैं, उन्हें पहले अपने घरों की बिजली बंद करनी चाहिए।

बाघ ने भैंस का किया शिकार तो जहर देकर मारा, चार गिरफ्तार

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिले राष्ट्रीय उद्यान में बाघ की मौत के मामले में वन विभाग ने 4 ग्रामीणों को गिरफ्तार किया है। वहीं एक ग्रामीण के घर से कीटनाशक दवा भी बरामद हुआ है, जिसे जब्त कर लिया गया। दरअसल, बाघ ने एक ग्रामीण के भैंस का शिकार किया था। जिसके चलते ग्रामीण आक्रोशित थे। बाघ द्वारा शिकार के बाद भैंस को आधा खाकर छोड़ दिया था। बचे हुए आधे शरीर में लोगों ने जहर मिला दिया। फिर जब बाघ ने उसे खाना शुरू किया तो उसकी जान चली गई। ग्रामीणों के कबूलनमा के बाद वन विभाग ने 4 ग्रामीणों को हिरासत में ले लिया है। हालांकि अभी बाघ का पीएम रिपोर्ट नहीं आया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ के कोरिया स्थित गुरुघासीदास टाइगर रिजर्व में सोमवार को टाइगर रिजर्व के रामगढ़ रेंज स्थित सलगवा खुर्द में बाघ का शव मिला था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी थी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच शुरू की तो पता चला कि शनिवार-रविवार की दरमियानी रात बाघिन ने एक भैंस का शिकार किया था। जिसके चलते ग्रामीण नाराज हो गए थे। बाघ की मौत के बाद जांच के लिए पहुंची डॉग टीम के मदद से चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ की, इसके बाद सलगवाखुर्द के ग्रामीण के घर पहुंचे। अधिकारियों ने उसके घर की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शिकार के बाद दो से तीन बार बाघ मांस खाने आते है

विशेषज्ञों के अनुसार कोरिया-सरगुजा संभाग में बाघ मध्यप्रदेश के संजय गांधी टाइगर रिजर्व से आते हैं और अब यह उनका कॉरीडोर बन गया है। वहीं उन्होंने बताया कि बाघ एक बार गाय या भैंस का शिकार करने के बाद उसे दो से तीन बार तक खाने आते हैं। यदि बाघ की मौत भैंस का मांस खाने से हुई है, तो यह बड़ी चूक है। क्योंकि शिकार के बाद पेट्रोलिंग पार्टी को तत्काल मरी हुई भैंस को वहां से हटा देना चाहिए था।

दूसरी मंजिल से कूदा नाबालिक, हालत नाजुक

रायपुर/नवप्रदेश। होटल मालिक की प्रताड़ना से तंग आकर एक ग्राहक ने होटल के दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी है। इस घटना के बाद नाबालिग बालक को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना गोलबाजार थाना क्षेत्र के होटल सिटी पैलेस की है। जानकारी के मुताबिक, महासमुंद निवासी 15 वर्षीय बालक अपने परिजन के साथ किसी काम से राजधानी आया था। यहां पर होटल सिटी पैलेस में कमरा लेकर रुका हुआ था। 6 जून को होटल में किसी ग्राहक का मोबाइल चोरी हो गया, जिसका आरोप होटल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पंजाब में शांति लाना आम आदमी पार्टी के बस में नहीं : राहुल

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि पंजाब में कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत खराब हो गई है और वहां अमन चैन की बहाली आम आदमी पार्टी की सरकार के बस में नहीं है।

श्री गांधी मंगलवार को पंजाबी के दिवंगत मशहूर गायक और कांग्रेस नेता रहे सिद्धू मूसेवाला की शोकसभा में शामिल होने उनके पैतृक गांव पंजाब में मानसा जिले के मूसा गांव गये और उनकी मां, पिता तथा परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

मूसा गांवा में पीड़ित परिजनों से मुलाकात के बाद श्री गांधी ने ट्वीट किया, कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला जी के माता-पिता जिस दुःख से गुज़र रहे हैं उसे बयान करना मुश्किल है। इन्हें इंसाफ दिलाना हमारा फर्ज है और हम दिला कर रहेंगे। राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह से भंग हो चुकी है। पंजाब में अमन और शांति बनाये रखना आम आदमी पार्टी की सरकार के बस की बात नहीं है।

गौरतलब है कि पंजाबी के मशहूर गायक तथा कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला की 29 मई को अज्ञात लोगों ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंत्री और सीएम के बीच यह कैसा खेल : साय

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदेव साय ने हसदेव जंगल कटाई के मुद्दे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव पर हमला बोला है। साय ने सवाल किया है कि बाबा और बघेल के बीच यह कैसा खेल चल रहा है। मुख्यमंत्री बघेल पेड़ कटाई का विरोध करने वालों को धमकाते हैं कि पहले अपने घर दफ्तर की बिजली बंद करें तो स्वास्थ्य मंत्री कहते हैं कि हसदेव का जंगल नहीं कटने दूंगा। इस पर मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि मंत्री नहीं चाहेंगे तो डगाल तक नहीं कटेगी। यह ड्रामेबाजी नहीं है तो क्या है। कभी खुद भूपेश बघेल विरोध में पर्यावरणविद सुंदरलाल बहुगुणा बन बैठे थे और राहुल गांधी कहते थे कि पेड़ नहीं कटने दूंगा। अब

बघेल बहानेबाजी कर रहे हैं और राहुल पता नहीं किस वजह से बगलें झांक रहे हैं। साय ने कहा कि भूपेश बघेल कोल ब्लॉक आवंटन के मामले में जनता को भ्रमित कर पल्ला झाड़ रहे हैं। उनका यह कहना सरासर गलत है कि जो हो रहा है, वह केंद्र का विषय है। यह तो सभी जानते हैं कि खदान का आवंटन केंद्र करता है लेकिन इसमें खनन के लिए राज्य की अनापत्ति जरूरी है तो वे अब जनता को यह बता दें कि भूपेश बघेल सरकार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सत्येंद्र जैन, अन्य के ठिकानों पर ईडी के छापे

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को बताया कि उसने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री और अन्य के ठिकानों पर छापे डालकर 2.85 करोड़ रुपये नगद, 1.80 किलोग्राम वजन के सोने के कुल 133 सिक्के और दस्तावेज तथा डिजिटल रिकॉर्ड बरामद किए हैं।

ईडी ने एक बयान में कहा कि छापे की यह कार्रवाई सोमवार को की गयी। इसमें नगदी और सोने के अलावा कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए।

ईडी ने कहा है कि जब्त नगदी और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बोलेरो और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत

बाड़मेर (वार्ता)। राजस्थान में सीमांत बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी थाना क्षेत्र के बांटा गांव के पास बोलेरो और ट्रक की टक्कर में आठ लोगो की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार ये सभी लोग जालोर के सेडिया गांव से बाड़मेर के कांधी की ढाणी में एक शादी समारोह में शिरकत करने जा रहे थे कि सोमवार देर रात रामजी की गोल हाईवे से आगे बांटा गांव के समीप सामने से आ रहे ट्रक से उनकी बोलेरो टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए जबकि ट्रक पलट गया। हादसे में छह लोगों ने मौके पर दम तोड़ दिया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सांचोर अस्पताल ले जाया गया जहां दो लोगों ने और दम तोड़ दिया।

पुलिस ने बताया कि हादसे में पूनमाराम (45), भागीरथ (38) प्रकाश (28) मनीष (12) एवं प्रिंस (05) निवासी खारा जालोर की मौके पर मौत हो गई जबकि मांगीलाल (35)और बुद्धराम (40) ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ा। एक घायल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

अनोखा प्रदर्शन ... 65 दिनों से चल रहा आंदोलन, 12 हजार दे चुके इस्तीफा

लाशों के पुतले रखकर मनरेगाकर्मियों ने किया प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। 65 दिनों से चल रहे मनरेगाकर्मियों ने मंगलवार को अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। दरअसल, मनरेगा कर्मचारियों ने पंडाल के भीतर कुछ लाशों के पुतले रखी थीं और उसके चारो ओर लड़कियां दहाड़े मार मार कर रो रही थीं। कर्मचारियों ने इस तरह मातम मनाकर विरोध जताया। इसके जरिए सरकार को यह संदेश देना चाहते थे कि इनकी जिंदगियों में बेरोजगारी का दर्द और मातम के सिवा कुछ नहीं। पंडाल में आने वालों से कर्मचारियों ने कहा कि अब हमारे पास इसी तरह मरने के सिवाए कुछ नहीं, इसलिए मातम मनाकर विरोध जता रहे हैं। मनरेगा कर्मचारी नियमित किए जाने की मांग को लेकर नियमित आंदोलन कर रहे है। उनका यह आंदोलन करीब दो महीने से अधिक समय से चल रहा है। उनका कहना है कि हमने कई बार विभाग से नियमितीकरण को लेकर बात की लेकिन हमारी किसी ने नहीं सुनी, इसलिए हमें यह कदम उठाना पड़ा।

12 हजार कर्मी दे चुके हैं इस्तीफा

तीन दिन पहले ही 21 लोगों को बर्खास्त किए जाने की वजह से 12 हजार कर्मचारियों का सामूहिक इस्तीफा दिया गया। लोगों के इस्तीफे का भारी-भरकम बंडल अधिकारियों को सौंप दिया गया। मनरेगा कर्मचारियों ने कहा कि अब ये आंदोलन तब तक चलेगा जब तक हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती। कर्मचारियों ने कहा कि हमें तो नियमित किए जाने का वादा किया गया था।

3000 मनरेगा कर्मचारियों को किया बर्खास्त

छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रांत अध्यक्ष चंद्रशेखर अग्निवंशी ने कहा कि कुछ दिनों पहले हमारे 3000 साथियों को बर्खास्त कर दिया गया। इसके बाद 21 सहायक परियोजना अधिकारियों की नौकरी खत्म कर दी गई। यह रवैया ठीक नहीं है । इस सांकेतिक विरोध प्रदर्शन में राधेश्याम कुर्रे, सूरज सिंह जैसे पदाधिकारी शामिल हुए।

10वीं-12वीं बोर्ड की पूरक परीक्षा 4 जुलाई से

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 10वीं-12वीं की पूरक परीक्षाएं जुलाई महीने में कराई जाएंगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड की पूरक परीक्षाओं के कार्यक्रम जारी कर दिए हैं। इसके मुताबिक 10वीं बोर्ड की पूरक परीक्षाएं 4 जुलाई से 12 जुलाई तक कराई जाएंगी। वहीं 12वीं की परीक्षा 4 जुलाई से 16 जुलाई तक चलनी है। परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं सुबह की एक ही पाली में होगी। इसके लिए सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक का समय तय किया गया है। बोर्ड ने इस परीक्षा के लिए एक विषय के लिए 200 और दो विषयों के लिए 240 रुपए का शुल्क लिया है। वहीं दो से अधिक विषयों की पूरक परीक्षा के लिए 460 रुपए का शुल्क तय किया गया था। मुख्य परीक्षा में आए अंकों को बेहतर करने के लिए हर साल बड़ी संख्या में परीक्षार्थी पूरक परीक्षाओं में शामिल होते हैं।

संपादकीय

खबरिया चैनलों पर बहस का गिरता स्तर

एक जमाने में दूरदर्शन को बुद्धुबक्सा कहा जाता था बाद में निजी चैनलों की भरमार हो गई। जिनके बीच अपनी टीआरपी बढ़ाने की होड़ लग गई है। लगभग हर खबरिया चैनल डिबेट के नाम पर ऊबाउ और पकाऊ बहस कराने लगा है। आधे घंटे से पोन घंटे तक चलने वाले इस बहस का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। कुछ खबरिया चैनलों में तो एंकर खुद इस कदर चीखते चिल्लाते है कि पेनलिस्ट की आवाज ही दब जाती है। सारे पेनलिस्ट एक साथ बोलना शुरू कर देते है जिससे दर्शकों को कुछ भी समझ में नहीं आता कि कौन क्या बोल रहा है। इन खबरिया चैनलों में बहस के नाम पर व्यर्थ का बवाल ही खड़ा किया जाता है। नतीजतन पैनलिस्टों में तू तू मै-मै तो आम बात हो गई है अब तो गाली गुफ्तार और झूमा झटकी की नौबत आने लगी है। एकाद खबरिया चैनलों में तो पैनलिस्टों के बीच मार पीट की घटना भी हो चुकी है। यदि इसी तरह चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब इन खबरिया चैनलों के स्टूडियों में खून खराबे की नौबत आ जाएं। एंकर भी पता नहीं कहां कहां से राजनीतिक विश्लेषक के रूप में ऐसे लोगों को पकड़कर ले आते है जो बेतूकी बातें करते है। लोगों की भावनाओं को भड़काते है। ऐसे ही एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा की प्रवक्ता नुपूर शर्मा ने एक धर्म विशेष के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी जिसके लिए उन्हे भाजपा ने पार्टी से निलंबित कर दिया। वहीं कई ऐसे पेनलिस्ट है जो इससे भी ज्यादा आपत्तिजनक बातें करते है लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती। हैरत की बात तो यह है कि कुछ खबरियां चैनलों में पाकिस्तानियों को भी शामिल किया जाता है जो हिन्दुस्तान को गालियां देते रहते है और हमारे एंकर सिर्फ नाम मात्र का ही विरोध जताते है। समझ मे नहीं आता कि देश को गाली खिलाने के लिए पाकिस्तान से रक्षा विशेषज्ञ के रूप में ऐसे बदतमीज लोगों को आखिर क्यों शामिल किया जाता है। खबरिया चैनलों के इस वाहियात डिबेट से अब लोगों को ऊब होने लगी है और अब वे ऐसी वाहियात बहस का बष्किार करने लगे है। बेहतर होगा कि खबरिया चैनल अपने बहस का स्तर सुधारने के लिए गंभीर प्रयास करें और अपनी लक्ष्मण रेखा खुद तक करें वरना लोग खबरिया चैनल देखना बंद कर के मनोरंजक चैनलों पर फिल्में देखना ज्यदा पसंद करेंगे।

विचार

सुंदरता का पागलपन

सुंदरता का पागलपन कुरूपता कितनी छिपाता ।
सागर की अति खामोशी से कितना बवंडर आता।
सोने पिटता लोहे से, लोहा लोहे से तो सौ गुना
सच स्वीकार करो अपने लगाते अपनों को चूना
चलन से बाहर वस्तु विक्रय करने जोर लगाता
ले लो सुंदर लग रहा, अच्छे रंग का पाठ पढ़ाता
सुंदरता का पागलपन कुरूपता कितनी छिपाता
सागर की अति खामोशी से कितना बवंडर आता।
हृदय आत्मा से सुंदर मनुज मधुर भाषा भी बोले
सुंदर तन मन दोनों दर्पण तराजू जैसा कोई तौले
व्यक्तित्व सुंदरता का पैमाना ढोल बजाकर आता
कपट भाव का स्वार्थी स्वामी देखो कितना गाता
सुंदरता का पागलपन कुरूपता कितनी छिपाता।
सागर की अति खामोशी से कितना बवंडर आता।
देवउठनी एकादशी में देखा गन्नों से मंडप सजता
मांगलिक कार्यों का इसी दिवस से बाजा बजता
शानो शौकत मीठेपन में कितना आतुर बन जाता
शादी और भवन काज में पैर चादर से बाहर आता
सुंदरता का पागलपन कुरूपता कितनी छिपाता
सागर की अति खामोशी से कितना बवंडर आता।
बुराई पालनेवालों की सहजता से दिखती है दूरी
बेरुखी अनमना पन इच्छा करता नही कभी पूरी
बेहतर मानो उन इंसानों का विरोध सामने आता
मन ही मन में क्रोध साम्राज्य से खुद को जलाता
सुंदरता का पागलपन कुरूपता कितनी छिपाता
सागर की अति खामोशी से कितना बवंडर आता।
फिल्मों की बात नहीं केवल प्रसंग बहुत ज्वलंत है
नन्द भौजाई सास बहू भाई बहन कथाएं अनंत है
जीवन के अनेक पड़ाव बाद रिश्ता क्या कहलाता
अंतिम सफर में बेगाने जैसे रहकर माला पहनाता
सुंदरता का पागलपन कुरूपता कितनी छिपाता।
सागर की अति खामोशी से कितना बवंडर आता। - (विजय गुप्ता)

कश्मीरी पंडितों का पलायन अशुभ संकेत

राजेश माहेश्वरी

उम्मीद और विश्वास किया जाना चाहिए कि देर-सवेर घाटी में शांति की स्थापना के लक्ष्य पूरे हो सकेंगे। पुलिस-सुरक्षाबलों की मुस्तैदी व शासन-प्रशासन की सक्रियता यह उम्मीद जगाती है। साथ ही आतंकवाद के खिलाफजीरो टॉलरेंस की नीति से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए और हालिया हमलों में शामिल आतंकवादियों की पहचान करके उन्हें नेस्तनाबूद किया जाना चाहिए। साथ ही घाटी में सद्भावना का माहौल भी बनाया जाना जरूरी है। उम्मीद की जानी चाहिये कि घाटी में परिसीमन के बाद जब लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुरुआत होगी तो स्थिति सामान्य बनाने में मदद मिल सकेगी। ऐसे समय जब अमरनाथ यात्रा नजदीक है, सुरक्षा के उपायों को चाक-चैबंद करने की जरूरत है। साथ ही घाटी में काम कर रहे अल्पसंख्यकों की कार्यस्थलियों को सुरक्षित बनाने की जरूरत है।

कश्मीर से कश्मीरी पंडितों का एक बार फिर से पलायन हो रहा है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद से कश्मीर में शांति बहाली और जनजीवन को सामान्य बनाने के सारी कवायदें जारी हैं। इन सबके बीच कश्मीरी पंडितों की चुन-चुनकर की जा रही हत्याओं ने मनोबल गिराने का काम किया है। नतीजतन थोड़े-बहुत जो भी कश्मीरी पंडित और अन्य कर्मचारी थे, उन्होंने पलायन शुरू कर दिया है। जो शांति प्रयासों का तगड़ा झटका तो है ही, वहीं इस ओर भी संकेत करता है कि कश्मीर में आंतक की जड़ें काफी गहरी और स्थानीय स्तर पर फैली हुई हैं। जम्मू और कश्मीर में हिंदुओं की टारगेट किलिंग के बढ़ते मामलों के बीच घाटी से एक तिहाई प्रवासी कश्मीरी पंडित कर्मचारियों का पलायन हो चुका है। यह दावा शनिवार (पांच जून, 2022) को बीजेपी नेता और जम्मू और कश्मीर में बीजेपी के राजनीतिक प्रतिक्रिया विभाग के प्रभारी अश्विनी चूंगरू ने किया।

कश्मीर में घाटी में स्थानीय कश्मीरी पंडितों और प्रवासी हिंदुओं की चुन-चुनकर हत्या किए जाने से दहशत फैल गई है। इस साल अब तक 16 लोगों की टारगेट किलिंग हो चुकी है और इन पर रोक न लगने के चलते कश्मीर में काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों का पलायन शुरू हो गया है। यही नहीं प्रवासी मजदूर और बड़ी संख्या में ट्रांजिट कैंपों में रह रहे कश्मीरी पंडित भी घाटी छोड़ रहे हैं। कई कर्मचारियों ने तो बिगड़ते हालातों को लेकर कहा कि स्थिति अब 1990 से भी खराब हो चुकी है। ऐसे में यहां रुकना खतरे से खाली नहीं है। पीएम रिलीफ पैकेज के तहत काम करने वाले सरकारी कर्मचारी अपने सामान को भरकर किसी तरह जम्मू और अन्य सुरक्षित स्थानों पर पहुंच रहे हैं।

केंद्र सरकार हरसंभव कोशिश कर रही है कि ये पलायन रूक जाए, लेकिन सरकारी कर्मियों के सामने कोई और विकल्प नहीं है। वे बेहद निराश, परेशान हैं, क्योंकि उन्हें आतंकी निशाना बनाकर मार रहे हैं। बहरहाल यह पलायन 1990 के दौर से भिन्न है। इस बार समूचे परिवार नहीं उजड़ रहे हैं। दरअसल प्रधानमंत्री पैकेज के तहत नियुक्त किए गए सरकारी कर्मचारी अब घाटी छोड़ने पर आमादा हैं। यदि बैंक मैनेजर विजय कुमार की हत्या की गई, तो ईंट भट्ठा मजदूरों पर भी गोलियां बरसाई गईं। बिहार निवासी दिलखुश की मौत हो गई और पंजाब निवासी घायल अवस्था में अभी संघर्षरत है। बैंक मैनेजर राजस्थान में हनुमानगढ़ के निवासी थे और 45 दिन पहले ही उनकी शादी हुई थी।

निशाने पर कश्मीरी और गैर-कश्मीरी सभी हैं। आतंकी इसे भी 'जेहाद' करार दे रहे हैं। वे भारत की हिमायल करने वालों को निशाना बना रहे हैं। आतंकी नहीं चाहते कि कश्मीर की आबादी में कोई बदलाव आए, उसके समीकरण बिगड़ें। बीते एक साल के दौरान करीब 45 मुस्लिम चेहरों की भी जिंदगी छीन ली गई। यह पलायन हिंदू, मुसलमान दोनों का है। इस पलायन का फलितार्थ 'राष्ट्रीय' होगा। यह संकट और समस्या 'भारतीय' है। लिहाजा 12 मई को जिला मजिस्टेट्र के राजस्व कार्यालय में काम करने वाले राहुल भट्ट की हत्या के बाद करीब 2500 कश्मीरी पंडितों और अन्य कर्मचारियों ने घाटी से जम्मू की तरफ पलायन किया था।

कश्मीर में लक्षित हत्याओं के बाद कश्मीरी पंडितों को सुरक्षित स्थानों पर तबादला करने की प्रक्रिया जारी है। अब 177 कश्मीरी पंडितों को जिला मुख्यालयों पर भेजा गया है। पहले भी 80 का तबादला किया गया था। सरकार ने इस मामले में साफ तौर पर कहा था कि छह जून तक इन कर्मचारियों को जिला मुख्यालयों पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। बीते शुक्रवार को नई दिल्ली में गृह मंत्री की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में साफकहा गया था कि कश्मीरी पंडित कर्मचारियों का घाटी से बाहर तबादला नहीं होगा। आठ सेफ जोन बनाए जाएंगे जहां इनकी तैनाती होगी। लेकिन ये इस जटिल समस्या का अंतिम समाधान तो नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सुरक्षा और जिंदगी सरकारी कर्मचारियों और अन्य लोगों के बुनियादी सरोकार हैं। हालांकि सरकार ने उन्हें जिला मुख्यालयों पर नियुक्त करने और सरकारी आवास मुहैया कराने का वायदा किया है, लेकिन उससे भी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जा सकती है? कर्मियों को दफ्तर से आवास के बीच की दूरी हर रोज तय करनी है। रोजमर्रा की जरूरतों को पूरी करने के लिए बाजार तो जाना ही होगा। बच्चों की पढ़ाई का क्या होगा? कर्मचारियों को कभी भी निशाना बनाया जा सकता है। सहज सवाल है कि कश्मीरी पंडितों की घाटी में कभी घर-वापसी हो सकेगी? प्रधानमंत्री के स्तर पर नौकरियों का यह पैकेज भी पुनर्वास नीति के तहत था। कुल 6000 पद सृजित किए गए थे। उनमें से 3841 पदों पर युवा कश्मीर में लौटे थे। उनमें कश्मीरी और गैर-कश्मीरी सभी थे। कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त किए जाने के बाद 520 प्रवासी लोग कश्मीर लौटे थे। उन्हें विभिन्न पदों पर नौकरियां दी गईं। उन कर्मचारियों की यह स्थिति है कि वे घाटी में रहना ही नहीं चाहते।

1989-1990 के बीच कश्मीर घाटी में पैदा हुए हालात के चलते बड़ी संख्या में कश्मीरी हिन्दू परिवार अपना-अपना घर छोड़ कर वहां से सुरक्षित निकल आए थे। सबसे अधिक कश्मीरी पंडित 19 जनवरी, 1990 के दिन से वहां से विस्थापित हुए थे। उन दिनों में चरमपंथी संगठन इश्तिहारों के जरिये कश्मीरी पंडितों को कश्मीर छोड़ने के लिए धमकाते थे। बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया गया, जिससे लोगों में डर पैदा हो गया था। कश्मीर से विस्थापन के बाद ये परिवार जम्मू और देश के अन्य शहरों में जाकर बस गए थे। जम्मू से सटे बाहरी इलाके नगरोटा में 2011 में विस्थापित कश्मीरी पंडितों के लिए जगती टाउनशिप का निर्माण किया गया था जहां लगभग 4000 विस्थापित परिवार रहते हैं। इसके अलावा पूरे जम्मू शहर और उस के आसपास के इलाकों में हजारों कश्मीरी पंडित परिवारों ने अपना घर बना लिया है। तीन दशक बीत जाने के बाद भी केंद्र और राज्य सरकारें कश्मीरी हिन्दुओं की घर वापसी सुनिश्चित नहीं कर पाईं। धारा 370 की वापसी के बाद कुछ उम्मीद जगी थी, लेकिन ताजा हालातों में ये आशा भी टूटती दिख रही है। इन सबके बीच बुनियादी सवाल यह है कि भारत सरकार कश्मीर के इस ताजा पलायन को कैसे रोक पाएगी? यह आतंकवाद और उसकी शैली भी नई है।

जिद और अहम की वजह से पिछड़ते जीनियस खिलाड़ी

नीरज मनजीत

विराट कोहली भी ज़िद और अहमन्यता की वजह से अपने शानदार कैरियर में काफी पिछड़ चुके हैं। पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में न्यूज़ीलैंड के हाथों पराजय के बाद बोर्ड ने उनके अधिकारों में कुछ कटौती कर दी थी। राहुल द्रविड़ को कोच बनाने और नए सपोर्ट स्टाफ की नियुक्ति में भी विराट की राय को अहमियत नहीं दी गई। जबकि इसके पहले टीम और सपोर्ट स्टाफ के चयन में विराट की ही चलती थी। ये सारी बातें कहीं-न-कहीं विराट के अहम को आहत कर रही थीं और वे नेगेटिव मानसिकता के शिकार होते चले जा रहे थे। इसी मानसिकता के प्रभाव की वजह से उन्होंने बोर्ड का वह प्रस्ताव भी ठुकरा दिया था, जिसमें उन्हें 100 वें टेस्ट में कप्तानी के लिए कहा गया था। बोर्ड उन्हें शानदार फेयरवेल देकर उन्हें कप्तानी से विदा करना चाहता था।

बात 1938 की है। उस वक़्त के शतरंज के सुपरस्टार खिलाड़ी अलेक्जेण्डर अलेख़िन अपनी पत्नी ग्रेस अलेख़िन के साथ पेरिस के एयरपोर्ट पर अधिकारियों से उलझ रहे थे। उन्हें एम्सटर्डम के लिए उड़ान पकड़नी थी, जहाँ विश्व शतरंज चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले के लिए आयोजक उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। शतरंज के समीक्षक चार बार के विश्व विजेता अलेख़िन को विश्व शतरंज के श्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक मानते हैं। अलेख़िन जितने जीनियस थे, उतने ही खब्ती और ज़िद्दी भी थे। एयरपोर्ट अधिकारियों से उलझने की वजह एक पालतू बिल्ली थी, जिसे उनकी पत्नी ग्रेस अपने साथ एम्सटर्डम ले जाना चाहती थी। एयरलाइन के नियमों के मुताबिक यात्री विमान में किसी जानवर को ले जाने की इजाज़त नहीं थी। पर अलेख़िन ने ज़िद पकड़ ली कि अगर बिल्ली को नहीं ले जाने दिया गया, तो वे चैंपियनशिप ही नहीं खेलेंगे। इधर उड़ान में भी देर हो रही थी। परेशान अधिकारियों ने फ़ौरन फ्रांस के उड्डयन मंत्री से संपर्क किया। आख़िर मंत्री महोदय के हस्तक्षेप से मामला सुलझा और नियमों में ढील देकर अलेख़िन दंपती को बिल्ली साथ ले जाने दिया गया।

स्टार खिलाड़ी अपने नख़रों, ज़िद और ख़ब्त की वजह से खुद अपना कितना नुक़सान कर जाते हैं, इसकी ताज़ातरीन मिसाल है टेनिस लीजेंड नोवाक जोकोविच। वे फ़िलहाल दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी हैं। इस वर्ष जनवरी में चूँकि जोकोविच ने कोविड वैक्सीन नहीं लगवाई थी, इसलिए उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा लेने से रोक दिया गया था। उन्होंने इस मुद्दे को अपने अहम से जोड़ लिया और एक निरर्थक सी ज़िद पकड़कर मामले को कोर्ट में ले गए, पर कोर्ट ने भी उनके ख़िलाफ़फ़ैसला दिया। जोकोविच 20 ग्रैंड स्लैम ख़िताब जीत चुके थे। ऑस्ट्रेलिया का हार्डकोर्ट उनका पसंदीदा मैदान रहा है, जहाँ उन्होंने 9 टाइटल जीते हैं। वे उस वक़्त अच्छे फॉर्म में चल रहे थे। उनके पास वह ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर रोज़र फेडरर और राफेल नडाल से आगे निकलनकर टेनिस इतिहास का सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने का अच्छा सुअवसर था। पर ज़िद और अहम की वजह से वे ऐसा नहीं कर पाए और राफेल नडाल यह ख़िताब जीतकर उनसे आगे निकल गए। इस घटना ने उनके दिलोदिमाग पर काफी बुरा असर डाला और वे अपने फॉर्म से बाहर चले गए। नतीजतन इस माह फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में एक बार फिर राफेल नडाल ने उन्हें पराजित कर दिया। यह ख़िताब भी नडाल ने ही जीता है। यह उनका 22 वाँ ग्रैंड स्लैम है और वे अब जोकोविच से दो ग्रैंड स्लैम ज़्यादा जीत चुके हैं। ज़ाहिर है कि अब जोकोविच के लिए नडाल से आगे निकलना बेहद मुश्क़िल हो गया है।

विराट कोहली भी ज़िद और अहमन्यता की वजह से अपने शानदार कैरियर में काफी पिछड़ चुके हैं। पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में न्यूज़ीलैंड के हाथों पराजय के बाद बोर्ड ने उनके अधिकारों में कुछ कटौती कर दी थी। राहुल द्रविड़ को कोच बनाने और नए सपोर्ट स्टाफ की नियुक्ति में भी विराट की राय को अहमियत नहीं दी गई। जबकि इसके पहले टीम और सपोर्ट स्टाफ के चयन में विराट की ही चलती थी। ये सारी बातें कहीं-न-कहीं विराट के अहम को आहत कर रही थीं और वे नेगेटिव मानसिकता के शिकार होते चले जा रहे थे। इसी मानसिकता के प्रभाव की वजह से उन्होंने बोर्ड का वह प्रस्ताव भी ठुकरा दिया था, जिसमें उन्हें 100 वें टेस्ट में कप्तानी के लिए कहा गया था। बोर्ड उन्हें शानदार फेयरवेल देकर उन्हें कप्तानी से विदा करना चाहता था। एक तरह से यह बोर्ड और उनके बीच एक अच्छे समझौते का सुअवसर था। किंतु नकारात्मक ज़िद की वजह से उन्होंने यह मौका भी खो दिया। एक प्रोफेशनल खिलाड़ी के लिए यह कोई अच्छी बात नहीं है। तीन साल पहले तक वे पॉजिटिव ऊर्जा से भरे ऐसे क्रिकेटर लग रहे थे, जो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदाई लेते वक़्त सचिन तेंदुलकर के सौ शतकों के आसपास हो सकते थे। पर अब ऐसा नहीं लग रहा है। पिछले ढाई साल से वे अपना पुराना फॉर्म पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। आईपीएल का यह सत्र उनके लिए भयानक रूप से फीका रहा है। ख़तरा अब इस बात का है कि अपनी ज़िद, नकारात्मक विचारों और अहमन्यता की वजह से वे कहीं असमय ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदाई न ले लें। अगर ऐसा हुआ तो यह भारतीय क्रिकेट के आगे के सफर के लिए बुरी बात होगी।

इसमें कोई संदेह नहीं कि विराट कोहली विश्व क्रिकेट के इतिहास के जीनियस कप्तानों में से एक थे। हर फॉर्मेट में उनकी कामयाबियाँ इस तथ्य की तस्दीक़ करती हैं। भले ही उनके खाते में कोई आईसीसी ट्रॉफी या आईपीएल के ख़िताब नहीं है। विराट संभवतः एकमात्र ऐसे कप्तान थे, जिनकी खुद की बल्लेबाज़ी कप्तानी के दबाव में और ज़्यादा निखरकर सामने आती थी। सच कहा जाए तो वे कप्तानी का नया शिखर गढ़ने के नज़दीक थे। तवारीख़ का आसमान उनका इंतज़ार कर रहा था। वे दो-तीन साल और कप्तान रहते तो स्टीव वाग और रिकी पोंटिंग से आगे निकलकर ग्रीम स्मिथ का विश्व रेकॉर्ड तोड़ सकते थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मुस्लिम समुदाय के

मुस्लिम समुदाय के दबाव के आगे नूपुर शर्मा को हटाना भाजपा का शर्मनाक फैसला । लगता है पार्टी सॉफ्ट हिन्दुत्व की राह पर चलना चाहती है। चार दिन पहले मोहन भागवत जी भी काफी नर्म नर्म बातें कह चुके हैं । यही हाल रहा तो वही होगा कि न खुदा ही मिला न विसाले सनम।

-एल.एस. बिष्ट

पौधे-पेड़ नदी से

पौधे-पेड़ नदी से सीखो, जीवन प्यारा गीत है। कनक भूमि पर दूध-दही का,सुन्दर रहा अतीत है। हरी-भरी होती है वसुधा,खिलता प्यार-दुलार है। अखिल अवनि के प्राणी को यह,ईश्वर का उपहार है।। उसी ईश को शीश झुकाकर,आओ लें संकल्प ये। परहित अर्पित कर दें जीवन,बचा शेष जो अल्प है।

- शुभा शुक्ला मिश्रा 'अधर'

खास पाती

सच्ची उच्च शिक्षा ओम से

सच्ची उच्च शिक्षा ओम से शुरू होनी चाहिये ताकि हमारे भीतर और हमारे बच्चों में आत्म-जागरूकता की आरोही धारा को जागृत करे और हमारे मन को अनंत में ले जाये। यदि हमारी शिक्षा में मंत्रों और उनकी शक्ति के परिणामस्वरूप होने वाली सकारात्मकता पर जोर दिया जाए, तो हमारे पास अधिक मौलिक विचार, रचनात्मक अंतर्दृष्टि और पूरे जीवन के साथ सामंजस्य स्थापित करने वाली पीढ़ियों के निर्माण में हम अपनी भागीदारी निभा पायेंगे। - रश्मि सुमन

प्रकृति की ही तरह स्त्री भी

प्रकृति की ही तरह स्त्री भी एक पौधा ही है जिसे एक आंगन से उखाड़ कर दुसरे आंगन में रोप दिया जाता है जो अपना ख्याल बस इसलिए रखती है क्योंकि उसे सबका ख्याल रखना होता है । स्त्री के मन का पौधा भी न मुरझाने पाये ये भी सबकी जिम्मेदारी ही है जिसे अक्सर कभी अनजाने में तो कभी जानबूझकर अनदेखा कर दिया जाता है । पर्यावरण की ही तरह स्त्री के मन का पौधा भी महकना चाहिए ताकि घर के बाहर भी सुन्दरता कायम रहे और घर के अन्दर भी ! - रूबी प्रसाद

इक रात का चिराग़ है ये ज़िन्दगी,

इक रात का चिराग़ है ये ज़िन्दगी, पल पल सिकुड़ती आग है ये ज़िन्दगी। थोड़े तराने हैं मिलन के इसमें पर, अक्सर विरह का राग है ये ज़िन्दगी। जीवन के खेल में न होता कुछ गुणा, ता-उम्र भाग भाग है ये ज़िन्दगी। जितनी किसी की उजली दिखती है ये, उतना ही दर्दे- दाग है ये जिन्दगी। पैसा जमा करो तुम कितना भी मगर ये हां अंत में त्याग है ये जिन्दगी।

- डॉ संजय दानी

मिट्टी से बहुत प्यार है..

मुझे भारत की मिट्टी से बहुत प्यार है यही मेरी मातृभूमि मेरा घर-दुवार है।। इस पावन मिट्टी में मैंने जन्म लिया है तूने यह मुझको बड़ा सौभाग्य दिया है।। तूने ही मुझे अपने गोद मे खिलाया है और आशीष के आँचल में बिठाया है।। तेरी मिट्टी के रज-रज में सुख पाया है तभी इस मिट्टी को भाल से लगाया है।। तेरी महिमा ही कण-कण में समाया है तुम कितने विराट हो ये बोध कराया है।। तूमने अमृत जल मुझको पान कराया है तूने ही सुस्वाद अन्न को ग्रहण कराया है।। हम पर तेरा उपकार है ये सबसे बड़ा उपहार है सैदेव हम तेरे ऋणी रहेंगे ये मेरा तुझसे मनुहार है।। तूमसे ही मेरा अस्तित्त्व है तुमसे मेरी पहचान है तुमने मुझको सब कुछ दिया शतशत तेरा स्तुति गान है। इतना तो मैं कर सकता हुँ तुझको सर्वस्व समर्पित करता हुँ तेरी मान-मर्यादा बनी रहे तनमन अर्पित सदा मैं करता हूँ। - अशोक पटेल

अगर फुर्सत मिले पानी की तहरीरों को पढ़ लेना, हर एक

अगर फुर्सत मिले पानी की तहरीरों को पढ़ लेना, हर एक दरिया हजारो साल अफसाना,,,,,सा लिखता है। कोशिश भी कर,उम्मीद भी रख,रास्ता भी चुन फिर उसके बाद थोडा मुकदर तलाश कर।

- हेमा पाण्डेय

यह दुनिया प्रकृति की आगोश में ही

यह दुनिया प्रकृति की आगोश में ही नूर अपना पाएगी खूबसूरती बरकरार रख यूँ ही खुशिया खूब मनाएगी इस वास्तविकता को जान प्रकृति को बचाने में जब जुट जाएगी तब ही जीवन को अपने महका पाएगी। - रेनू शब्द मुखर

QUIZ TIME

1) ऑस्ट्रेलिया के किस प्रसिद्ध क्रिकेटर ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से एलन बॉर्डर पदक प्राप्त किया?

2) प्रवासी श्रमिकों कोऋण प्रदान करने के लिए उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई योजना का नाम क्या है?

3) किस भारतीय राज्य ने बुनकर सम्मान योजना शुरू की है?

4) न्यूबु न्यवगम येरको, पहला स्वदेशी ज्ञान प्रणाली स्कूल का उद्घाटन किस राज्य में किया गया है?

5) वैगनर ग्रुप, किस देश की एक निजी सैन्य कंपनी है?

Ramaquiz

उत्तर- (1) इंयान हीली(2) मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना (3) कर्नाटक
(4) उत्तराखंड (5) रूस

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1557- इंग्लैंड ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1658- औरंगजेब ने आगरा के किले पर कर शाहजहां को कैद किया। 1824- नोह कुशिंग ने वाशिंग मशीन का पेंटेट कराया। 1912- कार्ल लामेमल ने यूनिवर्सल पिक्चर्स को शामिल किया था। 1929- ब्रिटेन में पहली बार किसी महिला की मंत्रिमंडल में नियुक्ति, मार्गरेट बॉन्डफील्ड को श्रम मंत्री बनाया गया है। 1935- सैम पार्क्स, जूनियर ने यूएस ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीता। 1936- भारत की सरकारी रेडियो सेवा इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्टिंग सर्विस का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो किया गया 1 1940- 93वें तत्व नेपप्टुनियम की खोज की घोषणा की गई। 1941- द्वितीय विश्व युद्ध में मित्र राष्ट्रों ने लेविंट में विची फ्रांस की संपत्ति के खिलाफ सीरिया-लेबनान अभियान शुरू किया। 1948- देश की सरकारी विमान सेवा एयर इंडिया ने भारत और ब्रिटेन के बीच हवाई सेवा शुरू की। 1949- स्याम का नाम बदलकर थाईलैंड किया गया। 1982- ब्राजील के विमान बी-727 दुर्घटनाग्रस्त होने से 135 लोगों की मौत। 1983- मार्गरेट थैचर के नेतृत्व में कंज़र्वेटिव पार्टी ने ब्रिटेन के आम चुनाव में विपक्षी लेबर पार्टी की 209 सीटों के मुक़ाबले 397 सीटें जीतकर दूसरी बार बहुमत हासिल किया। 1984- ऑस्ट्रेलियाई न्यू साउथ वेल्स प्रांत में समलैंगिकता को कानूनी घोषित किया गया। 1986- पूर्व संयुक्त राष्ट्र महासचिव कर्ट वाल्डहेम ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति चुने गए। 1996- ब्रिटेन में 10वीं यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में शुरू हुई।

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने सुपेबेड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया भूमिपूजन

■ किडनी की बीमारी से प्रभावितों की समस्याएं सुनी

गरियाबंद/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने मंगलवार को सुपेबेड़ा में 62 लाख रुपए की लागत सेपंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने सुपेबेड़ा में 62 लाख रुपए की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन किया।

उन्होंने सुपेबेड़ा में संचालित वैकल्पिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण भी किया। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध दवाइयों और अन्य सुविधाओं का अवलोकन कर प्रभारी चिकित्सक और स्टॉफ को लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।
स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी से प्रभावित लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका हाल जाना।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने आज सुपेबेड़ा में 62 लाख रुपए की लागत सेस्वास्थ्य मंत्री ने सुपेबेड़ा में कहा कि शासन की कोशिशों से स्थिति में सुधार आया है। प्रदेश के अन्य गांवो की भांति जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत सुपेबेड़ा में भी शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

इस योजना के तहत राज्य के सभी गांवों में आगामी तीन वर्ष के भीतर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने आज सुपेबेड़ा में 62 लाख रुपए की लागत से स्वास्थ्य केन्द्र का किया भूमिपूजन सिंहदेव ने कहा कि सुपेबेड़ा में वर्तमान में स्थिति क्या है, यह मैं देखने आया हूं।

यहां के हालात सुधारने सरकार पूरा ध्यान दे रही है। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि सुपेबेड़ा के लोगों का हाल जानने वे आने वाले दिनों में भी वहां आते रहेंगे।

गरियाबंद जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संजय नेताम और देवभोग जनपद पंचायत की अध्यक्ष नेहा सिंघल सहित अनेक जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण स्वास्थ्य मंत्री के प्रवास के दौरान मौजूद थे।

खारून नदी महादेव घाट में अभियान चलाकर जलकुम्भी निकाली गई

■ लगभग 3 डम्पर जलकुंभी निकालकर तत्काल परिवहन करवाया

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव के निर्देश पर नगर निगम जोन क्रमांक 8 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी ईश्वरी लाल टावरे, जोन स्वच्छता निरीक्षक आत्मानंद साहू की उपस्थिति में 40 सफाई कामगारों की विशेष गैंग की सहायता से जोन के तहत आने वाले माधव राव सप्रे वार्ड के रायपुरा महादेवघाट की विशेष अभियान चलाकर नदी के भीतर से जलकुम्भी को बाहर निकाला। लगभग 3 डम्पर जलकुम्भी को खारून नदी से बाहर महादेवघाट के किनारे पर निकालकर उसका तत्काल परिवहन करवाया गया।

महापौर एजाज ढेबर, आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव ने खारून नदी महादेवघाट को जलकुम्भी से मुक्त करवाने समाजहित में पर्यावरण संरक्षण हेतु अभियान आगे भी जारी रखा जाना सुनिश्चित करने के निर्देश जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव को दिये है।

नल, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन हेतु शिविर लगाकर तत्काल निराकरण करने की कार्यवाही

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के शहरी गरीबी उपशमन विभाग द्वारा महापौर एजाज ढेबर, आयुक्त मयंक चतुर्वेदी एवं शहरी गरीबी उपशमन विभाग अध्यक्ष सहदेव व्यवहार के आदेशानुसार सभी 10 जोनों के एक-एक वार्ड में एक दिन के अंतराल में वार्डवासियों की सुविधा हेतु नल कनेक्शन, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन से संबंधित सभी कार्यो के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

इस क्रम में आज शिविर आयोजन के अंतिम दिन जोन 8 द्वारा संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 में शिविर लगाकर निराश्रित पेंशन के प्राप्त 1, नल कनेक्शन के प्राप्त 7 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। जोन 8 में निराश्रित पेंशन के कुल 5 सभी आवेदनों, राशन कार्ड के कुल 6 आवेदनों, नल कनेक्शन के सभी 48 आवेदनों का तत्काल निराकरण शिविरों में किया। जोन 7 द्वारा स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक 39 में निराश्रित पेंशन के 3, राशन कार्ड के 7, नल कनेक्शन के 3 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। जोन 6 द्वारा महामाया मंदिर वार्ड क्रमांक 65 में शिविर लगाकर निराश्रित पेंशन के स्थल पर प्राप्त 10 आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जोन क्रमांक 9 द्वारा विद्याचरण वार्ड क्रमांक 51 में शिविर लगाकर निराश्रित पेंशन के 3 आवेदन में सभी का निराकृत,

राशन कार्ड के 17 आवेदनों का निराकरण किया गया। जोन 9 द्वारा शिविरों के माध्यम से निराश्रित पेंशन के सभी 17 एवं राशन कार्ड के सभी 86 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। जोन 3 मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक 48 में शिविर लगाकर राशन कार्ड के सभी 3 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। शिविरों के माध्यम से जोन 3 द्वारा निराश्रित पेंशन के सभी 8 आवेदनों, राशन कार्ड के सभी 21 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। जोन 2 हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड में शिविर लगाकर निराश्रित पेंशन के 2 राशन कार्ड के 3 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। जोन क्रमांक 4 द्वारा डां. विपिन बिहारी सूर वार्ड क्रमांक 64 में शिविर लगाकर निराश्रित पेंशन के सभी 9, राशन कार्ड के सभी 3 आवेदनों का निराकरण किया गया। जोन 4 द्वारा शिविरों के माध्यम से निराश्रित पेंशन के 50 एवं राशन कार्ड के सभी 70 आवेदनों निराकरण किया गया। जोन 1 द्वारा बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 18 में शिविर लगाकर निराश्रित पेंशन के सभी 9 आवेदनों, राशन कार्ड के 9 एवं नल कनेक्शन के 6 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। जोन 10 द्वारा ले. अरविंद दीक्षित वार्ड क्रमांक 56 में शिविर लगाकर निराश्रित पेंशन के प्राप्त 1, राशन कार्ड के प्राप्त 1 आवेदन का तत्काल निराकरण किया गया। जोन 10 द्वारा शिविरों के माध्यम से निराश्रित पेंशन के प्राप्त सभी 13 आवेदनों, राशन कार्ड के प्राप्त सभी 34 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। जबकि नल कनेक्शन के प्राप्त 24 आवेदनों में से 8 का तत्काल निराकरण किया गया। शेष 16 आवेदनों में निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। जोन क्रमांक 5 द्वारा डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड में शिविर लगाकर नल कनेक्शन के प्राप्त 1 आवेदन का तत्काल निराकरण किया गया। जोन 5 द्वारा शिविरों के माध्यम से निराश्रित पेंशन के प्राप्त सभी 52 आवेदनों, राशन कार्ड के सभी 4 आवेदनों, नल कनेक्शन के प्राप्त सभी 7 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया।

आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पुजारी पर एनएसए लगाए सरकार : रिजवी

रायपुर/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने शहर के पुरानी बस्ती के एक पुजारी द्वारा की गई उत्तेजक, अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी ने वर्ग विशेष की धार्मिक भावना को भड़काकर राजधानी एवं प्रदेश में तनाव बढ़ाकर प्रदेश की गंगा-जमनी सभ्यता नष्ट करने का प्रयास किया है, जो असहनीय तो है ही साथ ही ऐसी अशोभनीय टिप्पणी करने वाले पुजारी के विरूद्ध जुर्म पंजीबद्ध कर तत्काल गिरफ्तार करना वक्त का तकाजा है। देश के कुछ साम्प्रदायिक दल एवं संगठन के पदाधिकारी भी देश में नफरत की चिनगारी को जंगल की आग की तरह फैलाना चाहते हैं। उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत गिरफ्तार तत्काल करना चाहिए।

रिजवी ने आगे कहा है कि केन्द्र की भाजपा सरकार का दायित्व है कि देश के सौहार्द्रपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने वाले अभद्र व अमर्यादित बयान देने वालों को रोकने के लिए संसद में बिल पास कर उसे अधिनियम का रूप दिया जाना वर्तमान परिवेश में उत्तम एवं समयानुकूल होगा।

देश अमर्यादित कथन करने वाले साधु, संत, पुजारी एवं मौलानाओं को सही आचरण सीखने के लिए दूधाधारी मठ के महंत राजराजेश्री श्रद्धेय रामसुंदर दास जी के सानिध्य में कुछ दिन रहना चाहिए ताकि साधु, संतो एवं मौलानाओं के समझ में आ जाएगा कि कथन एवं आचरण कैसा होना चाहिए? उन्होंने शहरवासियों से अपेक्षा की है कि शांति व्यवस्था बनाये रखने में शासन-प्रशासन को सहयोग करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। पुजारी का उक्त भड़काऊ कथन प्रदेश के सौहार्द्र को बिगाड़ने के लिए प्रायोजित षड़यंत्र प्रतीत होता है।

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2022

सरपंच पद के लिए 1 और पंच के लिए 7 अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन

रायपुर/नवप्रदेश। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2022 के लिए 3 जून को जिलों में निर्वाचन की सूचना के प्रकाशन के साथ ही अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन भरने की शुरूआत हो गई है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के 28 जिलों में 4 जून तक सरपंच पद के लिए 1 और पंच पद के लिए 7 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। ज्ञात हो कि प्रदेश के 28 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के तहत जनपद सदस्य के 06 पद, सरपंच के 108 पद और पंच के 631 रिक्त पदों के लिए नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। नामनिर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 09 जून 2022 गुरूवार दोपहर 03 बजे तक निर्धारित है। 4 जून तक बलरामपुर जिले में पंच और सरपंच के लिए 1-1 और कोरिया, रायपुर, महासमुंद, दुर्ग, राजनांदगांव तथा दंतेवाड़ा जिले में पंच के लिए 1-1 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया।

भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ के द्वारा युवाओं और महिलाओं का सम्मान

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक हरमीत सिंह पिता स्व. खेल सिंह निवासी ग्राम दुर्ग तहसील वजिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 252/1 (शा. 252/4) रकबा 0.0160 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16/6/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/6/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

जिले में जल जीवन मिशन का हो गया बंटाधार!

■ ठेकेदार 4 महीने से गायब, विभागीय लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण

बालोद/नवप्रदेश। केंद्र सरकार हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन चला रही है। इसके तहत पाइप लाइन के जरिए ओवरहैड टैंकों से घर-घर नल कनेक्शन देकर पेयजल उपलब्ध कराना है लेकिन बालोद जिले में इस योजना का बंटाधार हो चुका है। दरअसल, इस योजना के तहत काम कर रहे ठेकेदार व उसके कर्मचारी पिछले चार महीनों से गायब है। जिससे गांवों में पाइप लाइन बिछाने व पानी टंकी निर्माण का कार्य बंद पड़ा है। योजना, धरातल में मूर्त रूप नहीं लेने से इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। समय पर काम पूरा नहीं होने के कारण ग्रामीण गर्मी सीजन में दिक्कत तो झेल ही चुके, अब बरसात में भी इन्हें इस योजना का लाभ मिलता नजर नहीं आ रहा। इस योजना की मॉनिटरिंग पीएचई कर रहा है, लेकिन खुद अफसर परेशान हैं कि ठेकेदार काम कब शुरू करेगा। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, राजधानी रायपुर के ठेकेदार को काम मिला है। पर काम नियमित रूप से नहीं चल रहा है। कई ऐसे गांव हैं जहां पर तीन-तीन माह से काम बंद पड़े हुए हैं। जो विकास के नाम पर पंचायत प्रशासन के भी मुंह चिढ़ा रहे हैं तो वहीं लोगों की मुसीबत कम नहीं हुई है। पानी को लेकर आज भी परेशानी बनी हुई है।

36 प्रतिशत भी काम नहीं

जिले के ग्राम पंचायत भीमकन्हार में ठेकेदार 4 माह से कार्यस्थल पर देखने के लिए आया ही नहीं है और इधर काम भी तब से अब तक बंद पड़ा है। एक करोड़ 36 लाख की लागत से बनने वाले पानी टंकी का अब तक मुश्किल से 20 से 30 प्रतिशत ही काम हो पाया है। इसके बाद काम पूरी तरह से रुका हुआ है। गांव में पाइप लाइन बिछाने के लिए गड्ढा खोद दिया गया है लेकिन न पाइप डाली गई है ना गड्ढों को भरा गया है। इससे ग्रामीणों को भी आने जाने में परेशानी हो रही है। सरपंच पोषण साहू ने बताया कि संबंधित ठेकेदार व उनके लोगों को कई बार सूचना पहुंचा कर काम शुरू करने निवेदन भी कर चुके हैं। लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा।

अधूरे पड़े हुए हैं निर्माण कार्य

ठेकेदार द्वारा गांव-गांव में पाइप लाइन बिछाने व पानी टंकी निर्माण करने के लिए गड्ढे खोदकर छोड़ दिए हैं। कुछ जगहों पर पाइप लाइन जो डाले गए हैं वह भी आधे अधूरे हैं। कई जगह पाइप लाइन फूट रहा। जगह-जगह पानी लीकेज की शिकायत है तो टंकी नहीं बन पाने से अभी भी पानी सप्लाई योजना अधर में लटकी हुई है। योजना केंद्र की होने की वजह से राज्य सरकार भी इसमें गंभीरता नहीं दिखा रही।

ग्रामीणों में भारी आक्रोश

लोगों के घर तक नलों के जरिए स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने जल जीवन मिशन शुरू किया है। लेकिन इस योजना के क्रियान्वयन में विभागीय अफसर और निर्माण में संबंधित ठेकेदार कोताही बरत रहा। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। ठेकेदार के प्रति लोग आक्रोशित हैं। बताया जाता है कि जिस ठेकेदार ने हमारे गांव का टेंडर लिया है उसी ने आसपास के कई गांव का टेंडर लिया है। बालोद ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के कई जिलों में यह दिक्कत है। और लगभग हर गांव में निर्माण की धीमी गति से पंचायत प्रशासन और ग्रामीण परेशान है। अधूरे निर्माण से गांव में पानी की सप्लाई तो प्रभावित हो ही रही है। जगह-जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं जो हादसे का भी न्यौता दे रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस ने ली बैठक, डॉक्टरों को केवल जेनेरिक मेडिसिन लिखने के दिए निर्देश

■ आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने, बूस्टर डोज के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने का भी जारी किया फरमान

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने मंगलवार को गरियाबंद में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये गये कार्यो की सराहना करते हुए विभाग को बधाई दी। श्री सिंहदेव ने समीक्षा के दौरान कहा कि आयुष्मान कार्ड और डॉक्टर खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना अंतर्गत कार्ड बनाने में तेजी लाये। इसके लिए ग्रामीण स्तर पर एवं नगरीय निकायों में समन्वय कर कैम्प लगवाये और आवश्यक प्रचार-प्रसार कर कार्ड बनाने के लिए लोगों को प्रेरित करें। वहीं डॉक्टरों को जेनेरिक दवाई लिखने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अधिक से अधिक शासन द्वारा प्राप्त निःशुल्क दवाई का वितरण करें। साथ ही धनवंतरी मेडिकल से दवाई खरीदने के लिए निर्देशित किया जाए। स्वास्थ्य मंत्री ने कोविड वैक्शिनेशन के द्वितीय चरण और बूस्टर डोज को और बढ़ाने के निर्देश दिये है। उन्होंनें कहा कि बूस्टर डोज के लिए लोगों को और प्रोत्साहित करे।

लोगों की बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए रहे तत्पर

मंत्री ने कहा कि लोगों की बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और सेवा के लिए स्वास्थ्य विभाग हर समय तत्पर रहे। उन्होंने संजीवनी 108 वाहन को सेंटरों में ही रखने के निर्देश दिये तथा आपातकालीन स्थिति में ही रेफर के लिए प्रयोग में लाया जाए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ हायर किया जा सकता है। साथ ही कहा कि किसी भी डॉक्टर का संलग्नीकरण न हो बल्कि सीधे उनकी नियुक्ति किया जाए। मंत्री श्री सिंहदेव ने स्वास्थ्य विभाग के मेडिसिन स्टोर में लगी आग के फायर ऑडिट कराने के निर्देश दिये है।

बैठक से कलेक्टर रहे नदारद

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़िकरण के संबंध में ध्यान आकृष्ट कराया। बैठक में लोकेश्वरी नेताम, फिरतुराम कंवर, भावसिंह साहू एवं आयुक्त स्वास्थ्य विभाग डॉ. सीआर प्रसन्ना, जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव, सीएमएचओ डॉ. एनआर नवरत्न, डीपीएम डॉ. रीना लक्ष्मी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। वहीं बैठक से कलेक्टर अनुपस्थित रहे। बताया जा रहा है सोमवार को जिले का पदभार ग्रहण करने के बाद जिले के नए कलेक्टर रायपुर लौट आये थे।

फसल बीमा मुआवजा राशि की मांग, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

124 गांवों के किसानों ने कलेक्टोरेट का किया घेराव

कवर्धा/नवप्रदेश। फसल बीमा मुआवजा राशि की मांग को लेकर मंगलवार को भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व में 124 गांवों के किसानों ने कलेक्टोरेट का घेराव करते हुए सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला मुख्यालय पर सैकड़ों की संख्या में किसानों ने पैदल यात्रा कर कलेक्टर को अपनी प्रमुख मांगों पर ज्ञापन सौंपा। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि कांग्रेस की सरकार किसानों को ठगने का काम कर रही है। किसानों के साथ छलावा कर रही है 36 वादों से मुकरने का काम कर रही है। आज किसान सड़क पर जगह-जगह धरना दे रहे। अपनी मांगों को लेकर किसानों की खेती करने का समय नजदीक आ चुकी है और अभी तक रबी फसल बीमा नहीं दिया गया है और ना ही खाद बीज वितरण किया गया है जिससे किसानों में आक्रोश व्यक्त किया है और आज अपनी हक की लड़ाई लड़ने के लिये स्वयं ही मैदान पर उतरी है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जिले के लगभग 124 गांवों के किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से प्राप्त होने वाले राशि से वंचित कर दिया गया है, जिनकी फसल पूर्व मे बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि से क्षति हो गई थी और जिनका राजस्व विभाग द्वारा पटवारी प्रतिवेदन तैयार कर एवं ग्राम सेवक के माध्यम से प्रतिवेदन तैयार कर बीमा कम्पनी को पस्तुत किया गया था, उन किसानों का जिला सहकारी बैक के माध्यम से या चॉइस सेंटर के माध्यम से प्रीमियम राशि किसानों के खाते से काटा गया है, परन्तु ऐसे 124 गॉव के किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा मुआवजा राशि देने से बीमा कम्पनी द्वारा वंचित कर दिया गया है। साथ ही जिले मे आज 41 लाख मेट्रिक टन खाद की आवश्यकता है, जिसमें जिले में आज मात्र 16 लाख एमटी खाद भण्डारण किया गया है। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर ने बताया कि आज किसान सड़क पर आ गई है जिसकी जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फभूपेश बघेल के कारण है, चुनावी वादे पूरे जनता और किसानों को लूटने वाले वादे किए गए थे जिसे आज आमतौर पर अभी प्रभावित हो गए है, जिससे किसानों में ज्यादा नराजगी है। मानसून प्रवेश करने वाला है ऐसे परिस्थिति में खाद की भण्डारण व बीज की व्यवस्था समितियों तक नहीं पहुंच पायी है, साथ ही साथ बिजली की व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में चरमरा गई है, जिससे आने वाले समय में किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

चक्काजाम की दी चेतावनी

भाजपा किसान मोर्चा के नेताओं ने कहा है कि यदि किसान हित में इन विषयों का अमल नहीं किया जायेगा तो किसानों द्वारा एक सप्ताह के भीतर उग्र आंदोलन व जिले में चक्काजाम किया जाएगा। ज्ञापन कार्यक्रम में जिले के कोयलारी, धनौरा, भानपुर, बानो, तमुरवा, चोरभट्टी, फांदातोड़, कृतबंधा, जैजपुरी, लोचन, मरका से सैकड़ों की संख्या में किसान अपनी मांगों को लेकर पहुंचे थे।

तकनीकी कर्मचारियों के लिए ''सेफ्टी परेड'' का आयोजन

■ विद्युत दुर्घटना से बचाव व उसके उपायों को लेकर हुई कार्यशाला

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत बेमेतरा संभाग के मैदानी अमलों में कार्यरत विद्युत कर्मियों हेतु 6 जून को एकदिवसीय ''सेफ्टी परेड'' कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बेमेतरा संभाग के कार्यपालन अभियंता उमेश ठाकुर के द्वारा तकनीकी एवं ठेका कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करने एवं लाइन मेन्टेनेंस तथा एरियर्स रिकवरी के उपायों के विशय में जानकारी दी गयी। श्री ठाकुर ने कहा कि ज्यादातर हादसे छोटी-छोटी लापरवाही से होते हैं, इसलिए बचाव के साधनों का पूरा उपयोग कर ही बिजली का कार्य करना चाहिये। उन्होंने कहा कि थोड़ी से लापरवाही से जान जा सकती है इसलिए विद्युत सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझकर और पालन करके ही विद्युतीय दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। उन्होंने मैदानी अमलों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत कनेक्शन में सहीं अर्थिंग बहुत महत्वपूर्ण है, ये बात सभी उपभोक्ताओं को बताएं और स्वयं भी इसकी जांच भी करें। सहायक अभियंता गुलाब साहू तथा कनिष्ठ अभियंता अभिशेक राठी एवं अभितोश घोष ने मैदानी अमलों को सुरक्षा उपकरणों जैसे सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर, डिस्चार्ज राड आदि का उपयोग करते हुए कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सुरक्षा उपकरणों की नियमित तौर से जांच करें और खराब होने पर तत्काल बदलें। सुरक्षा उपकरण जैसे डिस्चार्ज राड, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्तानों आदि के सुरक्षात्मक उपयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए कर्मचारियों के द्वारा किस प्रकार इनका उपयोग करना है इनको प्रायोगिक तौर से दिखाया गया।

कल किया जाएगा सनातन धर्म की मुख्य ध्वजा का ध्वजारोहण

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री जगदगुरु पुरिपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का आगमन छत्तीसगढ़ में 14 जून को होने जा रहा है और इसी माह 26 जून में भाटापारा शहर में शंकराचार्य का प्राकट्य महोत्सव राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसी शुभ दिवस के नजदीक आने से पूर्व और उनके छत्तीसगढ़ आगमन के पूर्व प्रदेश के सभी जिलों के साथ साथ देश के भी विभिन्न स्थानों में 9 जून को गंगा दशहरा के शुभ दिवस में सनातन धर्म की मुख्य ध्वजा का ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया जा रहा है। भाटापारा में भी जय स्तम्भ चौक में विराजमान भारत माता की प्रतिमा के समक्ष पोल लगा कर साधु- संतों और शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आदित्य वाहनी के द्वारा ध्वजा रोहण का आयोजन शाम 4 बजे किया जाएगा। विदित हो कि पीठ परिसद, आदित्यवाहनी, आनंदवाहनी सनातन मानबिन्दुओं को ध्यान में रखकर शंकराचार्य द्वारा बनाया संगठन है जो भाटापारा में समय समय में सनातन धर्म की रक्षा के उद्देश्य से सेवा प्रकल्प, चालीसा पाठ जैसे कार्य करते रहता है।

NAME CHANGE

I Sheetal Patle S/o Laxmi Prasad Patle R/o 758, Sudama Nagar, Near Kailash Floor Mill, Veersawarkar Ward, Garha, Jabalpur, Ghana, Madhya Pradesh - 482003, have changed my name to Sanjay Patle.

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव
कार्यालय पता- न्यू बस स्टैण्ड व्यवसायिक परिसर राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
फोन नं. 077444469714 E-mail-emzonerjn@gmail.com
क्र. 1189/सं.अ./2022, प्रक्षेत्र- राजनांदगांव, दिनांक 07.06.2022

-: आम सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश के तहत निम्नलिखित आबंटियों द्वारा उनके नाम से सम्मुख दर्शाए गए आवासीय भूखण्डों/ भवनों को फ्री-होल्ड में संपरिवर्तन करने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्डों/भवनों को फ्री-होल्ड में संपरिवर्तन करने की कार्यवाही में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

क्र.	आवेदक का नाम/पिता /पति का नाम	भवन क्र.	कालोनी का नाम	भूखण्ड का क्षेत्रफल (व.फी.में)
1	श्रीमती प्रतिक्षा दास/स्व. श्री मुकेश कुमार वैष्णव	LIG-109 (F/F)	Kaurinbhata Rajnandgaon	487.00

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव

MUNICIPAL COUNCIL, PITHORA
E-Procurement Tender Notice (1st Call)
SYSTEM TENDER NO. 101802 NIT NO. 279 PITHORA dated 03.06.2022

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/ supply works up to 24.06.2022 at 17.30 Hours.

Sl. No.	Description	Cost of Tender/ Bid Submission frees
1	CONSTRUCTION OF DR. B.R. AMBEDKAR SARVA SAMAJ MANGLIK BHAVAN NAGAR PANCHAYAT PITHORA CGPWD ROAD AND BUILDING S.O.R. 01.01.2015, ELECTRICAL, SOR 2022, PHE SOR 2013	(1) Rs. 73.12 Lacs (2) Rs. 311/-

The datails can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal : http://eproc.cgstate.gov.in From 03.06.2022 at 23.30 Hours (IST) onwards.

For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL
PITHORA (C.G.)

न्यायालय तहसीलदार कवर्धा, जिला-कबीरधाम
ईश्तहार
न्या.कले.ईकोर्ट नं. 202204080200002
अ-21/21-2022
ग्राम घुघरीकला, तहसील कवर्धा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमिया बाई जौ गौतरिहा गोंड़ निवासी पालीगुढा एवं अन्य 05 तहसील कवर्धा द्वारा कलेक्टर महोदय कवर्धा के समक्ष आवेदन पेश किया है कि अपनी निजी भूमि स्थित ग्राम घुघरीकला प.ह.नं. 15 तहसील कवर्धा के ख.नं. 61/2 रकबा 0.263 हे. भूमि को गैर आदिवासी अजीत सिंह आ. त्रिलोक सिंह छाबड़ा एवं कल्याण सिंह आ. मोहन सिंह निवासी कवर्धा तहसील कवर्धा को विक्रय करने की अनुमति लेने हेतु अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा के माध्यम से जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा पेश करना हो तो दिनांक 21.06.2022 को प्रातः 10.30 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं।

उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.06.2022 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
कवर्धा

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में फ्लैट/भवन क्रमांक एलआईजी-61/724 भूतल में श्री कुंवर राजेश कुमार सिंह पिता श्री कुंवर विजय सिंह को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 21.06.2011 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 22.04.2022 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन श्री टेकचंद फुलबांधे पिता श्री टीकाराम फुलबांधे के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

NAME CHANGE

I, Aditya Kumar Dubey S/o Rajesh Kumar Dubey R/o E-404, Avinash Pride, Heerapur, Tatibandh, Raipur, Chhattisgarh-492099, have changed my name to Aditya Dubey for all future purposes.

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
निविदा क्रमांक 08/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2022, कांकेर, दिनांक 27.05.2022

-:: मैनुअल पद्धति से लघु निविदा आमंत्रण सूचना ::-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' में निविदा आमंत्रित की जाती है।

समूह क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रु. लाख में	आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के अंतर्गत विभिन्न निर्माण एवं अन्य कार्य	12.03	13.06.2022
2	विकासखण्ड दुर्गूकोन्दल के अंतर्गत विभिन्न निर्माण एवं अन्य कार्य	8.23	
3	विकासखण्ड कोयलीबेड़ा के अंतर्गत विभिन्न निर्माण एवं अन्य कार्य	5.69	

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्तें अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जी-91918/3
कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 138/2022-23
वार्ड का नाम- पंडित जवाहरलाल नेहरू-2

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पंडित जवाहरलाल नेहरू-2 स्थित मकान/ भूमि एमआईजी डुप्लेक्स 37 फेस-4 जो कि निगम अभिलेख में श्री प्रेमप्रकाश देवांगन पिता स्व. रमेश चन्द्र देवांगन के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती रीनु चौहान पति नरेन्द्र सिंह चौहान ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 139/2022-23
वार्ड का नाम- पंडित जवाहरलाल नेहरू-2

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पंडित जवाहरलाल नेहरू-2 स्थित मकान/ भूमि एमआईजी डुप्लेक्स 90 फेस-4 कबीर नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री राजू सिंह पिता भरत सिंह के नाम से दर्ज है, जिसको श्री बी. कृष्णा कुमार पिता एम. बालाकृष्णन ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

आम सूचना

मैं सोहन दास मानिकपुरी उम्र 36 वर्ष जाति पनिका निवासी ग्राम नावापारा तहसील सुहेला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) सत्यनिष्ठा से निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं।
01- यह कि मेरी पत्नी सीमा मानिकपुरी का मृत्यु दिनांक 29,10,2014 को हो गई है, 02- यह कि मेरी पत्नी का उसके मायके ग्राम अर्जुनी में पैतृक भूमि है। जिसमे मेरी पत्नी का नाम विमला मानिकपुरी दर्ज है।इस प्रकार मेरी पत्नी सीमा एवं विमला दोनों नाम एक ही महिला का है। 03- यह कि मृत्यु प्रमाण पत्र में सीमा मानिकपुरी दर्ज है। जिसे विमला मानिकपुरी लिखा पढ़ा जाए 04- यह कि यह शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र में सीमा मानिकपुरी को विमला मानिकपुरी लिए जाने हेतु प्रस्तुत है ताकि भविष्य में किसी प्रकार से असुविधा न होवे।

शपथकर्ता
सोहनदास मानिकपुरी

न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर छ.ग.
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 20220211260054
ग्राम-अछोली

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भक्तु राम पिता झगालू ग्राम अछोली तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र/पुत्री/पिता/ माता/ दादा/दादी भागवत के मृत्यु दिनांक 01.02.2014 का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है ताकि मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय के दिनांक 9/06/2022 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
आरंग

न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर छ.ग.
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 20220211260053
ग्राम- अछोली

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भक्तु राम पिता झगालू राम ग्राम अछोली तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने भाई जगत के मृत्यु दिनांक 07.05.2010 का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है ताकि मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय के दिनांक 9/06/2022 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
आरंग

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, जोन क्र. 7
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक के पास रायपुर (छ.ग.)
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 51/2022-2023
वार्ड का नाम- श. मनमोहन सिंह बक्शी-23

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. मनमोहन सिंह बक्शी 23 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 23/604 मारूति कुंज RPR812A00360 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती अलका शारडा पति सुनील शारडा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री राजेश मेहता पिता स्व. रमणीक लाल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, जोन क्र. 7
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक के पास रायपुर (छ.ग.)
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 49/2022-2023
वार्ड का नाम- श. मनमोहन सिंह बक्शी-23

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. मनमोहन सिंह बक्शी 23 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 23/ नया (कोटा) क्रेष्ट ग्रीन जो कि निगम अभिलेख में श्री अमरनाथ पिता नरसिंह कुमार अग्रवाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री विकास बंसल पिता किशन कुमार बंसल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, जोन क्र. 7
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक के पास रायपुर (छ.ग.)
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 50/2022-2023
वार्ड का नाम- श. मनमोहन सिंह बक्शी-23

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. मनमोहन सिंह बक्शी 23 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 23/MIG-63 RPR812A00159 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती भावना नत्थानी पति अनिल नत्थानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री सूर्यकांत सोनी पिता रमाकांत सोनी ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय के बच्चों ने बनाया कबाड़ से जुगाड़

◗ पर्यावरण दिवस पर पिरामल फाउंडेशन और शिक्षा विभाग का संयुक्त आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पिरामल फ ाउंडेशन और शिक्षा विभाग द्वारा बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्च माध्यमिक शाला बसंतपुर राजनांदगांव में कबाड़ से जुगाड़-हस्त पुस्तिका का प्रदर्शनी कराया गया। कुल सात विकासखंड के स्वामी आत्मानंद सरकारी अंग्रेजी स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने बायो गैस सौर्य ऊर्जा, ड्रिप इर्रिगेशन, पर्यावरण बचाने के तीन मूल रिडूस, रियूज और रिसाइकिलऐंहम आदि जैसे मॉडल और हस्तपुस्तिका का प्रदर्शनी लगाए। कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि आईपीएस गौरव राय के द्वारा दीप प्रज्वलन और और सरस्वती देवी जी पर माल्यार्पण करके हुए कार्यक्रम में आईपीएस गौरव राय ने अपनी धर्मपत्नी के साथ बच्चों के द्वारा बनाये गये सारे मॉडल और हस्तपुस्तिका को ध्यानपूर्वक देखा और पर्यावरण सरंक्षण को ध्यान मे रखते हुए उनके मॉडल को प्रकृति को बचाने के हिसाब से समझा भी, साथ ही उन्होंने कहा बच्चों के द्वारा बनाये गये मॉडल हस्तपुस्तिका काफी रचनात्मक और कलात्मक है और उनकी सोच पर्यावरण के प्रति काफी सरहनीय है। इस मॉडल और सोच को बच्चे अपने जीवन में उतारे और पर्यावरण को सरंक्षित करते हुए दूसरे लोगों को इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में हेमंत वर्मा (प्रोग्राम लीड), निधि निराला (गांधी फेलो), मिनाक्षी (गांधी फेलो), हुमेश्वर प्रसाद और स्वामी आत्मानंद सरकारी अंग्रेजी स्कूल के 16 अध्यापक उपस्थित रहे। साथ ही 43 बच्चों ने इस प्रतियोगिता मे भाग लिया।

पर्यावरण का समझाया महत्व

पिरामल फाउंडेशन के महाकाल सिंह (कार्यक्रम प्रबंधक) ने ओनली वन अर्थ की थीम का अर्थ समझाते हुए विश्व पर्यावरण का महत्व बताया और पिरामल फाउंडेशन की जानकारी दी। सृजन सामाजिक संस्था के निर्देशक शरद श्रीवास्तव ने बच्चों को बताया कि ईश्वर सब जगह है और पर्यावरण भी। हमारा पर्यावरण भी कहीं न कहीं आस्था से जुड़ा है। वर्षा की एक-एक बूंद इंसान के लिए बहुत जरुरी है और इसका सरंक्षण और संवर्धन करना बहुत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने बच्चों के द्वारा बनाये गये कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता के अंतर्गत मॉडल-हस्तपुस्तिका की बहुत प्रशंसा की। अमोद श्रीवास्तव ने बच्चों को विश्व पर्यावरण दिवस पर शुभकामनायें दी और पेड़ को बचाने के लिए जोर दिया।

पर्यावरण की कर सकते हैं रक्षा

इस प्रदर्शनी प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद सरकारी अंग्रेजी स्कूल अंबागढ़ चौकी के कक्षा सातवी के छात्र आयुष बघेल प्रथम स्थान, डोंगरगढ़ से बारवी के छात्रा वैशाली सोनकाटर द्वितीय स्थान और डोंगरगांव से चौथी की छात्रा निष्ठा तिवारी तीसरा स्थान प्राप्त किया। आयुष बघेल ने विण्ड टरबाइन का मॉडल प्रस्तुत कर कहा कि हम उसके उपयोग करने से अपने पर्यावरण की रक्षा कर सकते है। वैशाली ने ग्लोबल वर्मिंग का मॉडल प्रस्तुत किया जिसमे पृथ्वी पर बढ़ रही गर्मी को बचाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही उसको बचाने के उपाए भी दर्शाया। निष्ठा तिवारी ने पर्यावरण को बचाने के कई पहलू को अपने हस्तपुस्तिका के माध्यम से प्रस्तुत किया।

सोरिद-कौंदकेरा मार्ग को डामरीकरण करने की मांग ग्रामीणों ने विधायक से की

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम सोरिद के ग्रामीणों ने संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात कर सोरिद से कौंदकेरा पहुंच मार्ग में डामरीकरण कराए जाने की ओर ध्यानाकर्षित कराया। जिस पर संसदीय सचिव ने उनकी मांगों की ओर उचित पहल करने का आश्वासन दिया। मंगलवार को जनपद सदस्य आरीन भागीरथी चंद्राकर के नेतृत्व में प्रह्लाद ध्रुव, भोलेनाथ गंधर्व, नरेश ध्रुव, सियाराम विश्वकर्मा सहित दुर्गेश चंद्राकर, प्रीतम यादव, चुन्नीलाल ध्रुव, फगवा राम ध्रुव, सुखदेव नेताम, दुष्यंत चंद्राकर ने मुलाकात के दौरान संसदीय सचिव चंद्राकर को बताया कि सोरिद से कौंदकेरा मार्ग में डामरीकरण कराए जाने की जरूरत है। सोरिद से कौंदकेरा के बीच करीब ढाई किमी की दूरी है। इस मार्ग से ग्रामीणों का रोजाना आना-जाना लगा रहता है। लेकिन मार्ग की स्थिति खराब होने के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने बताया कि बरसात के सीजन में इस रास्ते से गुजरना मुश्किल होता है। दूसरे सीजन में भले से जैसे-तैसे आवाजाही होती है। खासकर स्कूली बच्चों को बरसात के दिनों में आवाजाही में काफी असुविधा होती है। उन्होंने सोरिद से कौंदकेरा पहुंच मार्ग का अतिशीघ्र डामरीकरण कराए जाने की मांग की। जिस पर संसदीय सचिव ने उक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए उचित पहल करने का आश्वासन दिया।

व्यवसायी की मौत, मंत्री भगत ने मोदी निवास पहुंच कर दी श्रद्धांजलि

भाटापारा/नवप्रदेश। मंत्री अमरजीत भगत ने मोदी निवास पहुंचकर नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई प्रकाश मोदी के पिताजी एवं अभिषेक मोदी के दादा उत्तम चंद मोदी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उनके साथ गणेश ध्रुव, अजीत बाजपेई, संजीव तिवारी आदि उपस्थित थे।

मोदी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया पौधरोपण

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव में भाजपा द्वारा केंद्र में मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। भाजपाईयों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व पत्रकार सदन के सामने फलदार व छायादार वृक्ष नीम, पीपल, आवला, अमरूद, आम के पौधे लगाए। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र भटगांव के कर्मचारियों को मंडल द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रचार प्रसार मंत्री मनोहर सरजाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष भटगांव झाडू चन्द्रा, महामंत्री फूलचंद जायसवाल, श्याम लाल साहू, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट अध्यक्ष गुड्डा साहू, उपाध्यक्ष राजू केशरवानी, मंत्री विशाल चौहान, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष टाईगर कुर्रे, किसान मोर्चा अध्यक्ष गणेश यादव, सुनाऊ केंवट, डोरी लाल केंवट के साथ जिला पंचायत सदस्य सरिता भारती, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष तुलसी रघु, महामंत्री नीरा डड़सेना, पार्षद शीला साहू, संध्या साहू सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

थाना परिसर में एसडीओपी एवं स्टॉफ ने किया वृक्षारोपण

बेमेतरा/नवप्रदेश। एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल एवं थाना साजा प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह भारद्धाज एवं थाना स्टॉफके द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर थाना साजा परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण जैसे पुनित कर्तव्यों का निर्वहन किया। पुण्यकार्यो में सबसे श्रेष्ठ कार्य पौधा रोपण ही है। उक्त वृक्षारोपण के दौरान प्रधान आरक्षक सुखेलाल, येमन बघेल, आरक्षक जयकिशन साहू, इंदरमन निषाद, दिनेश नेताम एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

मंगल भवन निर्माण के लिए सर्व सेन समाज ने विधायक का जताया आभार

बेमेतरा/नवप्रदेश। सर्व सेन समाज के पदाधिकारियों ने विधायक आशीष छाबड़ा से मिलकर सामाजिक मंगल भवन निर्माण हेतु मुख्यमंत्री घोषणा मद से 20 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त होने पर विधायक का आभार व्यक्त किया तथा विधायक से सर्व सेन समाज के सामाजिक कार्यों में इसी तरह अपना सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। जिस पर विधायक ने समाज के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उन्हें भी समाज का हिस्सा माने सर्व सेन समाज के लिए आगे भविष्य में जो कुछ भी करना पड़ेगा उसके लिए वे सहर्ष तैयार हैं। सर्व सेन समाज का सदैव आशीर्वाद उन्हें मिलता रहा है और समाज के लिए कुछ करने पर उन्हें भी हार्दिक प्रसन्नता होती है कि मैं भी समाज के लिए अपना छोटा सा योगदान दे सका। इस अवसर पर समाज की ओर से डेनिम सेन, नाथू सेन, संतोष सेन, ऋषि सेन, छन्नूलाल सेन, सुधीर सेन, मोहन सेन, राजू सेन, अनिल सैन तथा सर्व सेन समाज के पदाधिकारी गण उपस्थित रहें।

प्रभारी सचिव ने सी-मार्ट का किया अवलोकन

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले की प्रभारी सचिव रीता शांडिल्य ने मंगलवार को जिला मुख्यालय बेमेतरा में संचालित सी-मार्ट का भी मुआयना किया और महिला समूह द्वारा बेचे जा रहे उत्पाद की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि सी-मार्ट में अब तक एक लाख तीन हजार रुपये की सामग्री बेची जा चुकी हैं, इसका संचालन महिला स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी, एसडीएम बेमेतरा दुर्गेश वर्मा, जनपद पंचायत सीईओ बेमेतरा रवि कुमार उपस्थित थे।

गुड़ मॉर्निंग के तहत खेल, योगा व बाइक दौड़ का हुआ आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार भाटापारा में भी गुड मार्निंग भाटापारा का आयोजन रावण भाटा मैदान हथनीपारा में किया गया जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इस योजना को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता देखने को मिली। सुबह से ही बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर जनप्रतिनिधि, छात्र व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पूर्व निर्धारित प्रोटोकाल व समय सारणी अनुसार योग, हास्य योग, धीमी बाईक दौड़ व अन्य खेलों का आयोजन हुआ। अंत में जनपद पंतायत भाटापारा व नगर पालिका टीम द्वारा सीमित ओवर का क्रिकेट मैच भी दोस्ताना पूर्वक खेला गया। इस दौरान सुरेन्द्र यदू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, चन्द्रप्रकाश साहू, रोशनसाहू, गोलू गुप्ता, दीपक वर्मा सभी जनपद सदस्यगण, सुनील यदू, गैंदू साहू पार्षद, संजय सरपंच पथरिया के साथ चन्द्रप्रकाश पात्रे सीईओ जनपद पंचायत, रितेश स्थापक अजय नायडू नगर पालिका, संतोष शर्मा हेमलाल वर्मा, करारोपण अधिकारी, धीरज सोनी, डागेश्वर, ग्वाल शंभू ध्रुव, पालेन्दू त्रिवेदी के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया।

प्रथम पेज का शेष

बाबा नहीं चाहते ...

कर रहे ग्रामीणों के सपोर्ट में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने यदि पुलिस गोली चलाती है तो पहली गोली मेरे सीने पर चलेगी। : सीएम ने कहा, कोल ब्लॉक का आवंटन तो केंद्र सरकार करती है। पर्यावरण अधिनियम केंद्र सरकार का है। वन अधिनियम केंद्र सरकार का है। सारे नियम केंद्र सरकार के। एलॉटमेंट करने का अधिकार भी केंद्र सरकार के पास है। अनुमति देने का अधिकार भी उनके पास। भाजपा नेताओं को अपना विरोध केंद्र सरकार से जताना चाहिए।

बाघ ने भैंस का...

तलाशी ली और घर में रखे धान में डालने वाली कीटनाशक मिला। टाइगर के मूवमेंट को गोपनीय रखते हैं : वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सरगुजा के तैमोर पिंगला और गुरुघासी दास राष्ट्रीय पार्क में बाघ संजय गांधी नेशनल पार्क से आते हैं। यही नहीं टाइगर के मूवमेंट को गोपनीय रखते हैं, जबकि यहां कई जगह टाइगर मूवमेंट एरिया का बोर्ड लगा है। बाघों के मूवमेंट एरिया में पड़ने वाले क्षेत्रों में ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें बाघों की सुरक्षा के लिए जागरूक करना चाहिए।

दूसरी मंजिल से ...

मालिक सुभाष सोनी ने नाबालिग बालक पर लगाया। मालिक ने बालक को सजा के तौर पर निर्वस्त्र कर सारे स्टाफ के सामने माफी मंगवाया। इस बात से बालक क्षुब्द होकर होटल की दूसरी मंजिल से कूद गया। बालक के कूदने की खबर मिकते ही पूरे होटल में हड़कंप मच गया और फिर आनन-फानन में बालक को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में पीड़ित की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने पीड़ित के परिजनों की शिकायत पर थाना गोलबाजार में मालिक के खिलाफ धारा 346 के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पंजाब में शांति ...

गोली मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर पंजाब विधानसभा चुनाव लड़ा था।

मंत्री और सीएम ...

की अनापत्ति के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रधानमंत्री के पास गए थे या सोनिया गांधी के दरबार में दरयाप्त की और भूपेश बघेल से फरियाद करने रायपुर आये थे। भूपेश बघेल बतायें कि एक पल में उनकी वैचारिक दुनिया कैसे बदल गई? कौन सा सौदा हो गया जो वे राजस्थान की बिजली के लिए छत्तीसगढ़ के लोगों को कोयले पर काले प्रवचन दे रहे हैं।

सत्येंद्र जैन, अन्य ...

सोने के स्रोत की जानकारी उसे नहीं दी गयी है।

उल्लेखनीय है कि सत्येंद्र जैन को 30 मई को एजेंसी ने धन शोधन निवारक अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था और वह इस समय ईडी की हिरासत में हैं। उन्हें निचली अदालत ने 31 मई को नौ जून तक के लिए ईडी की हिरासत में भेजा है।

बोलेरो और ट्रक ...

अस्पताल में भर्ती है।

हादसे की खबर मिलने पर वन मंत्री हेमाराम चौधरी और सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष कर्नल मानवेन्द्र सिंह ने घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के प्रति संवेदना जताई।

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, जोन क्र. 7
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक के पास रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 52/2022-2023
वार्ड का नाम- श. मनमोहन सिंह बक्शी-23

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. मनमोहन सिंह बक्शी 23 वार्ड स्थित मकान/भूमि/ RPR812D-00287 जो कि निगम अभिलेख में श्री अशोक शुक्ला पिता रामेश्वर शुक्ला के नाम से दर्ज है, जिसको श्री संतोष सेन पिता शंकर सेन ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर, जोन क्र.-07, नगर पालिक निगम, रायपुर**

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, जोन क्र. 7
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक के पास रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 50/2022-2023
वार्ड का नाम- श. मनमोहन सिंह बक्शी-23

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. मनमोहन सिंह बक्शी 23 वार्ड स्थित मकान/भूमि/ 23/MIG-63 RPR812A00159 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती भावना नत्थानी पति अनिल नत्थानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री सूर्यकांत सोनी पिता रमाकांत सोनी ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर, जोन क्र.-07, नगर पालिक निगम, रायपुर**

एनएमडीसी लिमिटेड
बैलाडीला लौह अयस्क खानः बचेली कॉम्प्लेक्स
पोस्टः बचेली जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

नर्सिंग कोर्स हेतु प्रवेश सूचना - 2022

एनएमडीसी के नैगम सामाजिक दायित्व (CSR) के तहत बालिका शिक्षा योजना अंतर्गत बस्तर क्षेत्र की इच्छुक गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली आदिवासी (अजजा) छात्राओं से अपोलो स्कूल ऑफनर्सिंग, हैदराबाद में जीएनएम (3 वर्षीय) एवं बीएससी नर्सिंग (4 वर्षीय) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु 35 वर्ष से कम उम्र की आवेदिकाओं से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। चयनित छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी।

योग्यता :
1. बस्तर क्षेत्र की केवल दंतेवाड़ा, बस्तर, सुकमा, कोंडागांव, बीजापुर एवं नारायणपुर जिले की विज्ञान (बायोलॉजी, भौतिक एवं रसायन) विषय से 12वीं में कम से कम 45 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण, केवल आदिवासी (अजजा) छात्राएँ।
2. परिवार की मासिक आय रू. 6000/- से अधिक न हो (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र 01 वर्ष से अधिक पुराना न हो)।

अन्य शर्ते :
1. पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन के साथ 10वीं, 12वीं मार्कशीट, आधार कार्ड या राशन कार्ड, मूल निवासी, आय (अधिकतम 01 वर्ष पुराना), एवं जाति इत्यादि प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न कर बंद लिफाफे में उप महाप्रबंधक (सीएसआर) एनएमडीसी लिमिटेड, बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग) के पास व्यक्तिगत रूप से या डाक द्वारा या समस्त दस्तावेज स्कैन करके ई-मेल nmdcbsy@gmail.com के माध्यम से भी भेजे जा सकते हैं।
2. लिफाफे के ऊपर ''एनएमडीसी बालिका शिक्षा योजना 2022 आवेदन पत्र'' अवश्य लिखें।
3. दिनांक 23 जून, 2022 (संध्या 5 बजे) के उपरांत प्राप्त हुए एवं अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

महत्वपूर्ण टीपः 1. एनएमडीसी परियोजनाओं के आस-पास के क्षेत्रों के अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. इस प्रवेश सूचना को एनएमडीसी की वेबसाईट के केरियर्स ड्रौपडाउन से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

वास्ते
सीएसआर विभाग
एनएमडीसी, बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स

आवेदन पत्र का प्रारूप

1. नाम : ....
2. माता एवं पिता का नाम : ....
3. अभ्यार्थी की जन्मतिथि : ....
4. अभ्यार्थी का जन्म स्थान : ....
5. अभ्यार्थी के मूल ग्राम एवं पंचायत का नाम : ....
6. निवासी जिले का नाम : ....
(सिर्फ बस्तर/दंतेवाड़ा/सुकमा/बीजापुर/कोंडागांव/नारायणपुर)
7. कक्षा 12वीं (विज्ञान-बायोलॉजी, भौतिक एवं रसायन) से संबंधित विवरणः

विद्यालय का नाम	ग्राम एवं पंचायत	विषय	प्राप्तांक	प्रतिशत

8. पत्राचार के लिऐ पूरा पता : ....
9. मोबाईल न./ दूरभाष नं. : 1 .... 2..........
10. परिवार की कुल वार्षिक आय : ....
(वर्तमान वर्ष के आय प्रमाण पत्र के अनुसार)

स्वयं प्रमाणित रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें

आवेदक के हस्ताक्षर

महत्वपूर्ण टीपः 1. चयन प्रक्रिया का निर्धारण एनएमडीसी/अपोलो प्रबंधन द्वारा किया जायेगा जो कि अंतिम व सर्वमान्य होगा।
2. किसी भी कारण से चयन प्रक्रिया में विलम्ब या निरस्त होने पर एनएमडीसी, प्रबंधन किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।
3. अभ्यार्थी एक से अधिक आवेदन न भेजें।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली
रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं.- 35, पिन- 490006
Website :- risali.urbanecg.gov.in
क्र./लो.क.वि./2022/683 रिसाली, दिनांक 07/06/2022

// निविदा सूचना //

आयुक्त नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से 01 कार्य हेतु लोक कर्म विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृति ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

नियम एवं शर्तें तथा कार्यों का विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं विभागीय risali.urbanecg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम, रिसाली

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, जोन क्र. 7
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक के पास रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 52/2022-2023
वार्ड का नाम- श. मनमोहन सिंह बक्शी-23

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. मनमोहन सिंह बक्शी 23 वार्ड स्थित मकान/भूमि/ RPR812D-00287 जो कि निगम अभिलेख में श्री अशोक शुक्ला पिता रामेश्वर शुक्ला के नाम से दर्ज है, जिसको श्री संतोष सेन पिता शंकर सेन ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर, जोन क्र.-07, नगर पालिक निगम, रायपुर**

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, जोन क्र. 7
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक के पास रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 51/2022-2023
वार्ड का नाम- श. मनमोहन सिंह बक्शी-23

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. मनमोहन सिंह बक्शी 23 वार्ड स्थित मकान/भूमि/ 23/604 मारूति कुंज RPR812A00360 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती अलका शारडा पति सुनील शारडा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री राजेश मेहता पिता स्व. रमणीक लाल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर, जोन क्र.-07, नगर पालिक निगम, रायपुर**

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, जोन क्र. 7
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक के पास रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 49/2022-2023
वार्ड का नाम- श. मनमोहन सिंह बक्शी-23

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. मनमोहन सिंह बक्शी 23 वार्ड स्थित मकान/भूमि/ 23/ नया (कोटा) क्रेष्ट ग्रीन जो कि निगम अभिलेख में श्री अमरनाथ पिता नरसिंह कुमार अग्रवाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री विकास बंसल पिता किशन कुमार बंसल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर, जोन क्र.-07, नगर पालिक निगम, रायपुर**

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
क्र./674/न.पा./लो.नि.वि./2022-23 आरंग, दिनांक 02/06/2022

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निकाय में सरोवर धरोहर योजना अंतर्गत विभिन्न तालाबों के गहरीकरण कार्य के लिए निम्नांकित वाहन किराए से प्रदाय हेतु दरें आमंत्रित की जाती है।

क्र.	वाहनों का विवरण	दर प्रति घंटा
1	कन्सट्रक्शन एस्केवटर (टाटा हिटाची) ZAXIS 220 LMC के समकक्ष क्षमता	
2	एस्केवेटर (जे.सी.बी. इत्यादि)	
3	टीपर ट्रक क्षमता 16 क्यूबिक मीटर (हाईवा)	
4	ट्रेक्टर इंजन हाईड्रोलिक ट्राली सहित (दो चक्का वाला)	

तालाबों के गहरीकरण कार्य हेतु उपरोक्त वाहनों के प्रदाय हेतु इच्छुक फर्म इंधन एवं चालक सहित प्रतिघंटा की दर से सीलबंद लिफाफों में पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 21.06.2022 समय दोपहर 03.00 बजे तक अपनी निविदा दरें प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त निविदाओं को उसी दिनांक को सायं 04.00 बजे खोली जायेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर
जोन क्रमांक- 8

मैनुवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 09/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्र.-8/2022 रायपुर, दिनांक 06.06.2022

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-8 अंतर्गत निम्नांकित प्रस्तावित कार्यों के लिए सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से आयटम दर/ पी.डब्ल्यू.डी. रोड/भवन एस.ओ.आर. 2015 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 2020 आज दिनांक तक संशोधित दर पर त्रि लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवश्यक निर्धारित दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16.06.2022 दिन गुरूवार सायं 5.00 बजे तक अपूर्ण दस्तावेज का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
2. दस्तावेज निरीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 21.06.2022 दिन मंगलवार।
3. जोन आयुक्त, कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर (छ.ग.) में त्रि लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27.06.2022 दिन सोमवार सायं 3.30 तक।
4. प्राप्त समस्त पात्र निविदाएं दिनांक 30.06.2022 को प्रातः 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। अपरिहार्य कारणों निर्धारित तिथि पर निविदा नहीं खुलने पर आगामी तिथि निर्धारित की जावेगी कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि लाख में	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	समयावधि	एस.ओ.आर.
1	शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. 21 अंतर्गत एम्स हॉस्पिटल के सामने गहोई वैश्य, समाज सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। **(विधायक निधि)**	500000.00	5000.00	750.00	05 माह	P.W.D. S.O.R. 2015
2	माधव राव सप्रे वार्ड क्र. 69 अंतर्गत शिव मंदिर के पास शेड निर्माण कार्य। **(सामान्य मद)**	825000.00	7000.00	750.00	06 माह	P.W.D. S.O.R. 2015
3	माधव राव सप्रे वार्ड क्र. 69 अंतर्गत श्री सत्यनारायण मंदिर के पास रायपुरा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। **(धार्मिक न्यास, धर्मस्व मद)**	1000000.00	8000.00	750.00	06 माह	P.W.D. S.O.R. 2015
4	जोन क्र. 08 अंतर्गत वीर सावरकर नगर वार्ड क्र. 01 में पाईप लाईन विस्तार कराए जाने का कार्य। **(पार्षद निधि)**	220000.00	3000.00	750.00	01 माह	P.W.D. S.O.R. 2015+ P.H.E. S.O.R. 2020

निविदा की शर्तें :-
1. निविदा के दस्तावेज बंद लिफाफा में रजिस्टर्ड पोस्ट/ स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जावेगा। 2. ई. पंजीयन प्रमाण पत्र (जीवित), 3. बैंक साल्वेंसी (निविदा आमंत्रण से एक वर्ष तक प्रभावशील होना चाहिए)। 4. GST प्रमाण पत्र एवं GST Retrun (विगत 3 माह) 5. आयकर रिटर्न (विगत 3 वर्ष) तथा 100 रु. का स्टाम्प पेपर निविदा जारी होने की तिथि के पश्चात का शपथ पत्र होना अनिवार्य है। 6. निविदा जारी होने के पश्चात से प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक एफ.डी.आर. मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत होना आवश्यक है। तथा जो एफ.डी.आर. आगामी एक वर्ष तक जीवित होना आवश्यक है। 7. त्रि लिफाफा पद्धति में निविदा प्राप्त नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।

टीप :- अन्य निविदा की शर्तें एवं जानकारियां कार्यालयीन समय व दिवस में कार्यालय जोन क्र. 8 में अवलोकन किया जा सकता है।

जोन आयुक्त, जोन क्रमांक- 8, नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

सरकार ने सीडीएस की नियुक्ति संबंधी नियमों में बदलाव किया

नई दिल्ली (वार्ता)। पिछले कई महीनों से खाली पड़े प्रमुख रक्षा अध्यक्ष यानी (सीडीएस) के पद को भरने की दिशा में महतवपूर्ण कदम उठाते हुए सरकार ने इस पद पर नियुक्ति से संबंधित नियमों में बदलाव किया है जिसके तहत तीनों सेनाओं में 62 वर्ष से कम आयु के लेफ्टिनेंट जनरल या जनरल स्तर के सेवारत या सेवानिवृत अधिकारी को सीडीएस नियुक्त किया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को सेना, वायु सेना और नौसेना अधिनियमों में संशोधन से संबंधित एक अधिसूचना जारी कर कहा कि अब सरकार जनहित में जरूरत पड़ने पर तीनों सेनाओं के सेवारत लेफ्टिनेंट जनरल या जनरल या सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल या जनरल स्तर के अधिकारी को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष के पद पर नियुक्त कर सकती है। लेकिन इसमें आयु संबंधी शर्त भी जोड़ी गयी है जिसके अनुसार नियुक्ति के समय अधिकारी की उम्र 62 वर्ष से कम होनी चाहिए। इस पद पर नियुक्त किये जाने वाले अधिकारी अधिकतम 65 वर्ष की उम्र तक अपने पद पर बने रहे सकते हैं। उल्लेखनीय है कि देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत की पिछले वर्ष एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मौत के बाद से यह पद खाली पड़ा है।

बंदरगाहों को प्रतिस्पर्धी बनाना समय की जरूरत : सोनोवाल

नई दिल्ली (वार्ता)। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा है कि उनका मंत्रालय जल परिवहन को बढ़ावा देने के साथ ही बंदरगाहों को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए काम कर रहा है ताकि प्रधानमंत्री के गतिशक्ति कार्यक्रम को मजबूती मिल सके। श्री सोनोवाल ने सरकार के आठ साल पूरे होने पर दूरदर्शन के एक सप्ताह तक चलने वाले न्यूज सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार पोत परिवहन और जलमार्ग क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है और मौजूदा परिस्थितियों के अनुसार सक्षम बनाने के लिए उनका आधुनिकीकरण किया जा रहा है। बंदरगाहों के आधुनिकीकरण और प्रधानमंत्री गति शक्ति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के लिए दक्षता तथा क्षमता दोनों के मामले में अपनी बंदरगाह क्षमता को और अधिक विकसित कर उनमें प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना देना महत्वपूर्ण है और इसीलिए सरकार ने यह कदम उठाया है। श्री सोनोवाल ने पूर्वोत्तर क्षेत्र का भी जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इस क्षेत्र की पहले की सरकारों ने नहित स्वार्थ तथा अशांति को बढ़ावा देने के लिए इस क्षेत्र की जो उपेक्षा की सरकार उसको दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

केन्द्रीय एजेंसी पटना, मुंबई समेत 14 जगहों पर नष्ट करेगी 42 हजार किग्रा मादक द्रव्य

नई दिल्ली (वार्ता)। वित्त मंत्रालय की एजेंसी केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) बुधवार को लखनऊ,पटना और मुंबई समेत देश भर में 14 जगह कुल करीब 42,000 किलोग्राम मादक द्रव्य नष्ट करेगी। वित्त मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अुनसार सीबीआईसी वित्त मंत्रालय के विशिष्ट सप्ताह के कार्यक्रमों के सिलसिले में कल मादक औषधि विध्वंस दिवस का आयोजन किया है। इसके तहत देश भर में 14 जगहों पर 42 हजार किलोग्राम के करीब जब्त मादक द्रव्यों को नष्ट किया जाएगा। विज्ञप्ति के अुनसार लखनऊ, मुंबई, मुंद्रा/कांडला, पटना और सिलीगुड़ी में मादक द्रव्य नष्ट करने की कार्रवाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण डिजिटल माध्यम से देखेंगी। श्रीमती सीतारमण इस अवसर पर सीबीआईसी के अधिकारियों को संबोधित भी करेंगी। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत वित्त मंत्रालय इस समय विशिष्ट सप्ताह मना रहा है।

रूसी राजदूत ने संरा सुरक्षा परिषद की बैठक से किया बहिर्गमन

न्यूयॉर्क (वार्ता)। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल द्वारा वैश्विक खाद्य संकट के लिए यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को दोषी ठहराने के बाद रूस के राजदूत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक से बहिर्गमन किया है। श्री माइकल ने सोमवार को कहा, ÷रूसी संघ के श्रीमान राजदूत, आइए ईमानदार रहें। क्रेमलिन विकासशील देशों के खिलाफखाद्य आपूर्ति का उपयोग मिसाइल के रूप में कर रहा है। रूस के विनाशकारी युद्ध के परिणाम से दुनिया भर के देश प्रभावित हो रहे हैं और खाद्य कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। जो लोगों को गरीबी की ओर धकेल रहा है और पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर रहा है। इस खाद्य संकट के लिए अकेला रूस ही जिम्मेदार है। क्रेमलिन के झूठ और दुष्प्रचार के अभियान के बीच उन्होंने कहा कि यह सब मैंने अपनी आंखों से देखा है। कुछ हफ्ते पहले ओडेशा में लाखों टन अनाज और गेहूं कंटेनर जहाजों में फंसा हुआ रहा क्योंकि रूस के लडाकू जहाज काला सागर में तैनात हैं और रूस लगातार यातायात ढांचों पर हमला कर रहा है। रूसी टैंक, बम और बारुदी सुरंग यूक्रेन को खेती करने से रोक रहे हैं।

प्राउड बॉयज़ नेताओं पर कैपिटल दंगा में राजद्रोही साजिश का आरोप

वाशिंगटन (वार्ता)। 'प्राउड बॉयज' के पूर्व नेता एनरिक टैरियो और चार अन्य पर 2021 में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन की चुनावी जीत के प्रमाणीकरण में बाधा डालने के लिए अमेरिकी पार्लियामेंट कैपिटल में धावा बोलने की देशद्रोही साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

अंग्रेजी दैनिक 'द गार्जियन' के अनुसार संघीय अभियोजकों द्वारा श्री टैरियो और अन्य चार प्राउड बॉयज नेताओं पर देशद्रोही साजिश का आरोप लगाने का कदम उठाने। इसके अलावा कांग्रेस की कार्यवाही में बाधा डालने के पिछले आरोपों के अलावा छह जनवरी के कैपिटल हमले की आपराधिक जांच में एक बड़ा विकास है। संघीय अभियोजकों द्वारा श्री टैरियो और अन्य चार प्राउड बॉयज़ नेताओं पर देशद्रोही साजिश का आरोप है। इसके अलावा कैपिटल हमले में आपराधिक जांच में कांग्रेस की कार्यवाही में बाधा डालने का भी आरोप है। सोमवार को वाशिंगटन डीसी में 33 पन्नों के अभियोग में न्याय विभाग ने कहा कि श्री टैरियो और उनके सह-प्रतिवादी जोसेफबिग्स, एथन नॉर्डियन, ज़ाचरी रेहल और डोमिनिक पेज़ोला ने कई महीनों तक एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप का इस्तेमाल करके श्री बाइडेन के जीत के प्रमाणीकरण में बलपूर्वक बाधा डालने का प्रयास किया था।

चीन में भारी बारिश, बाढ़ से आठ लाख लोग प्रभावित

नानचांग (चीन) (शिन्हुआ)। पूर्वी चीन के जियांग्शी प्रांत में हो रही मूसलाधार बारिश और इससे आई बाढ़ की वजह से कल शाम तक आठ लाख लोगों की आबादी प्रभावित हो गयी है। प्रांतीय बाढ़ नियंत्रण एवं सूखा राहत मुख्यालय के अनुसार 28 मई के बाद से हो रही बारिश के ताजा दौर से प्रांत के 80 कस्बों पर कहर बरपाया है। इससे 76 हजार हेक्टेयर से अधिक फसल भूमि को नुकसान पहुंचा है। साथ ही साढ़े 17 करोड़ अमेरिकी डॉलर के सीधे आर्थिक की नुकसान की खबर है। मंगलवार सुबह बारिश का दौर धीमा पड़ने के बाद बाढ़ के खतरे के निशानों को हटा लिया गया है। अधिकारियों ने मौसम परिवर्तन और बाढ़ पर प्रभावी नियंत्रण और सूखा राहत प्रयासों पर बारीकी से नजर रखने का आह्वान किया है।

राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन किया अमित शाह ने

आदिवासी समाज की उपेक्षा की कांग्रेस ने : अमित शाह

नई दिल्ली (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर आदिवासी समुदाय की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि इनके विकास पर समुचित ध्यान नहीं दिया गया।

श्री शाह ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन करते हुए इसकी तुलना योजना आयोग से की और कहा कि आदिवासी समाज के विकास में इसकी भूमिका वही होगी जैसी योजना आयोग की देश के विकास में रही है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान देश के दो दर्जन से भी अधिक जनजातीय अनुसंधान संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ते हुए एक सूत्र में बांधने का काम करेगा तथा इसके दूरगामी परिणाम होंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार की नीतियों में आदिवासी समुदायों की उपेक्षा की गयी और उन्हें विकास की धारा से दूर रखा गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आदिवासी समुदाय तथा क्षेत्रों के लिए बजट में कई गुना बढोतरी करते हुए 150 करोड़ रूपये का बजट आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस सरकार ने इस समुदाय पर समुचित ध्यान दिया होता तो आज इस तरह का संस्थान बनाने की जरूरत नहीं पड़ती।

श्री शाह ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में भी आदिवासी समाज के विकास के लिए अनेक काम किये थे और अब राष्ट्रीय स्तर पर भी देश की आठ फीसदी आबादी वाले जनजातीय समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए उन्होंने इस संस्थान की कल्पना की। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्तर पर भी इस दिशा में कदम उठाते हुए आठ फीसदी आबादी वाले जनजातीय समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए इस संस्थान की कल्पना की थी और आज इसका उद्घाटन किया गया है।

श्री शाह ने कहा कि पिछले वर्ष मोदी सरकार ने जनजातीय गौरव दिवस की घोषणा की और उसे मूर्त रूप दिया। उन्होंने कहा कि जनजातीय परंपराओं और कानूनों का नये कानूनों के साथ सामंजस्य किये बिना इस समाज का विकास नहीं हो सकता और यह संस्थान इस दिशा में काम करेगा। उन्होंने कहा कि यह संस्थान समग्र जनजातीय समाज के विकास का खाका खींचने का काम भी करेगा और इसके विकास की रीढ बनेगा। संस्थान विभिन्न जनजातीय संस्थानों के कर्मचारियों के प्रशिक्षण , संस्थानों के बीच तालमेल , जनजातीय संग्रहालयों के रख रखाव के साथ साथ राज्य सरकारों के साथ भी तालमेल करेगा। उन्होंने कहा कि करीब दस करोड़ रूपये की लागत से इस संस्थान की शुरूआत हो रही है और यह राष्ट्रीय नोडल एजेन्सी के रूप में राष्ट्रीय ज्ञान केन्द्र का काम करते हुए आदिवासी सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण भी करेगा। उन्होंने कहा कि इसका क्षेत्राधिकार बहुत व्यापक है और यह केवल एक संस्थान नहीं है बल्कि मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदम है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने आदिवासी समाज को स्वच्छ जल , शौचालय, स्वास्थ्य कार्ड, आवास और किसान निधि की सुविधा प्रदान की है। सरकार ने अनेक जनजातीय समस्याओं का पिछले आठ वर्षों में समाधान किया ।

इराक ने पैगंबर मोहम्मद विवाद पर भारतीय राजदूत को जारी किया समन

बगदाद/ नई दिल्ली (वार्ता)। इराक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से निकाले गए दो पदाधिकारियों रियों के द्वारा पैगंबर मोहम्मद पर दिए गए विवादित टिप्पणी को निंदा करने वाला नया इस्लामिक देश बन गया है। उसने भारतीय राजदूत को एक विरोध पत्र सौंपने के लिए समन किया है।

धार्मिक और जनजाति के संसदीय समिति ने सोमवार को 'पवित्र पैगंबर पर की गयी अपमानजनक टिप्पणी' पर विरोध जताने के लिए भारतीय राजदूत प्रशांत पिसे को समन किया।

समिति ने अपने एक बयान में कहा, ÷भारत की सत्तारुढ़ पर्टी भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के प्रवक्ता द्वारा कुछ दिन पहले पवित्र दूत मोहम्मद और उनके परिवार पर की गयी विवादित बयान की कड़ी निंदा करते हैं। बयान के मुताबिक,÷इन अपशब्द, दुर्भावनापूर्ण, अपमानजनक बात के गंभीर परिणाम होंगे यदि इन्हें रोका नहीं गया तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं, जो शांति और सौहार्द के लिए खरता होगा तथा लोगों के बीच संघर्ष और तनाव भी बढ़ेगा। बयान में कहा गया,÷इस्लाम का धर्म शांति का धर्म है , कोई भी पैगंबर या किसी भी धर्म को खारीज करता है तो उसको मानव द्वारा बनाए गए कानूनों और संयुक्त राष्ट्र के नियम के तहत निंदा की जाती है। इराक की सरकार इस प्रकार की दुर्व्यवहार को रोकने में अपनी भूमिका निभा रही है और इस संदर्भ में इराक ने भारतीय दूत को समन किया है।÷

इसके जवाब में इराक में भारतीय दूतावास के प्रवक्ता ने ट्विट कर कहा,÷बगदाद में भारतीय दूतावास ने धार्मिक और जनजाति के संसदीय समिति द्वारा जारी विज्ञप्ति पर नोटिस किया गया है। जिसमें भारत में व्यक्तियों द्वारा धार्मिक व्यक्तित्व को बदनाम करने वाले कुछ आपत्तिजनक ट्वीट्स के संबंध में चिंता व्यक्त की गई है।÷

बयान में कहा गया है कि यह ट्विट किसी भी तरह से भारत सरकार के पक्ष और विचारों को नहीं दर्शाता है। गौरतलब है कि यूएई, सउदी अरब, जॉर्डन, ओमान, लिबिया, बहरीन, इंडोनेशिया, मालदीव तथा तालिबान समेत 15 देश अब तक इस मसले पर भारत से आपत्ति जाहिर कर चुके हैं। जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को सुश्री शर्मा को पार्टी की सदस्यता से निलंबित कर दिया और दिल्ली मीडिया इकाई के प्रमुख नवीन जिंदल की सदस्यता को भी निलंबित कर दिया था।

पैंगबर पर टिप्पणी के बाद कुवैत में भारतीय उत्पादों का बहिष्कार

कुवैत सिटी/नई दिल्ली जून (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से निलंबित पदाधिकारियों की पैंगबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्णी को लेकर इस्लामिक देशों में बढ़ते विरोध के बाद कुवैत के सुपरमार्केट में भारतीय उत्पादों का बहिष्कार कर दिया गया है। अल अरदिया कॉपरेटिव सोसायटी में भारतीय मसाले , चाय और अन्य उत्पादों को प्लास्टिक शीटों से कवर कर दिया गया है और उत्पादों को कुवैत सिटी से बाहर निकाला जा रहा है। सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नासिर अल मुलतैरी ने कहा कि हम पैंगबर की बेइज्जती को लेकर भारतीय उत्पादों का बहिष्कार करते है। हमने कुवैती मुस्लिमों से इसे स्वीकार नहीं करने के लिए कहा है। अन्य खाड़ी देशों ने भी भाजपा के निष्कासित पदाधिकारी नवीन जिंदल और पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा के बयानों की निंदा की। कुवैती विदेश मंत्रालय ने रविवार को भारतीय राजदूत सीबी जॉर्ज को टिप्पणी पर विरोध जताने के लिए तलब किया। श्री जॉर्ज एशिया मामलों के राज्य के सहायक सचिव से मिले। उन्होंने श्री जॉर्ज को आधिकारिक विरोध पत्र सौंपा। पत्र में कुवैत की स्पष्ट अस्वीकृति और सत्तारूढ़ भाजपा नेता द्वारा पवित्र पैंगबर, इस्लाम और मुसलमानों के लिए दिये गये बयानों की निंदा की गई। कुवैती विदेश मंत्रालय ने कहा कि कुवैत ने भाजपा के पार्टी पदाधिकारियों के निलंबन की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने इसके लिए सार्वजनिक माफी की मांग की है। कुवैत में भारतीय दूतावास के राजदूत ने एक बयान कहा कि ये बयान किसी भी तरह से भारत सरकार के विचारों को नहीं दर्शाते हैं।

श्रीलंका में ईंधन आपूर्ति में आगामी तीन सप्ताह तक मुश्किल : विक्रमसिंघे

कोलंबो (वार्ता)। श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी तीन सप्ताह में देश में लोगों को ईंधन और गैस प्राप्त करने में मुश्किल होगी। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि ईंधन को जमा ना करें और आवश्यक होने पर ही यात्रा करें। श्री विक्रमसिंघे ने कहा,÷ईंधन को लेकर आगामी तीन सप्ताह बेहद मुश्किल होने वाले हैं। यही वक्त है जब सभी को संभलकर ईंधन और गैस का इस्तेमाल करना है। अनावश्यक यात्रा ना करने का ज्यादा से ज्यादा प्रयास करें। इसलिए मैं सभी नागरिकों से इस अवधि के दौरान ईंधन और गैस की जमाखोरी के बारे में सोचने से बचने का आग्रह करता हूं।÷ उन्होंने कहा,÷इन कठिन तीन सप्ताह के बाद हम बिना किसी रूकावट के ईंधन और खाना उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे।

पोषण और राष्ट्र विकास में गहरा संबंध : मांडविया

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि पोषण और राष्ट्र विकास में गहरा संबंध है और सरकार जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य के सभी मानकों पर काम कर रही है।

श्री मांडविया ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम में 'आहार' प्रतीक चिह्न जारी करते हुए कहा कि सरकार देश के प्रत्येक नागरिक के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है और इसके लिए यह प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल मोर्चों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र और राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना के तहत जिला अस्पतालों को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर चौथा राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक जारी किया और , शहरों और जिलों के लिए ''ईट राइट चैलेंज÷ के विजेताओं को सम्मानित किया। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने चौथा राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक जारी किया है। श्री मांडविया ने कहा, ÷राष्ट्र और पोषण का गहरा संबंध है और एक समृद्ध भारत के लिए , हमें एक स्वस्थ भारत की आवश्यकता है तथा एक स्वस्थ भारत के लिए , हमें स्वस्थ नागरिक की आवश्यकता है।÷ उन्होने कहा कि सरकार देश के प्रत्येक नागरिक के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। इसके लिए प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल मोर्चों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा और स्वस्थ खाद्य प्रणाली को सुनिश्चित करने में राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह समय की आवश्यकता है कि एक स्वस्थ राष्ट्र सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आएं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने वर्ष 2021-22 की रैंकिंग के आधार पर सभी मापदंडों पर प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए विजेता राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सम्मानित किया। इस वर्ष, बड़े राज्यों में, तमिलनाडु शीर्ष रैंकिंग वाला राज्य है। इसके बाद गुजरात और महाराष्ट्र हैं। छोटे राज्यों में, गोवा पहले स्थान पर रहा, इसके बाद मणिपुर और सिक्किम का स्थान रहा। केंद्र शासित प्रदेशों में, जम्मू - कश्मीर, दिल्ली और चंडीगढ़ ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने उन राज्यों को भी सम्मानित किया जिन्होंने राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक में उल्लेखनीय सुधार दिखाया।

नूपुर शर्मा को दी गई पुलिस सुरक्षा

नई दिल्ली (वार्ता)। पैगंबर मोहम्मद पर टीवी बहस के दौरान विवादास्पद टिप्पणी के कारण विवादों में घिरी नूपुर शर्मा और उनके परिवार को दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा मुहैया करायी है। सुश्री शर्मा और उनके परिवार की ओर से पुलिस में शिकायत दी गई थी कि उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। इसके बाद पुलिस ने उनकी सुरक्षा बढा दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सुश्री शर्मा को सुरक्षा दी गई है, लेकिन उन्होंने विवरण साझा करने से इनकार कर दिया। सुश्री शर्मा ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कहा था कि उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। गौरतलब है कि पैगंबर मोहम्मद के बारे में नूपुर की विवादास्पद टिप्पणी के सोशल मीडिया पर वायरल होने के कुछ दिनों बाद एक तरफ भारत के कानपुर जैसे शहर में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए और हिंसा भड़क गई थी तो वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत को आलोचना झेलनी पड़ी है। कई देशों में तो ट्विटर पर अभियान ही चल गया और भारतीय उत्पादों के बहिष्कार की मांग उठने लगी थी। सऊदी अरब, कतर, ओमान, जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात और ईरान समेत कुल 15 देश अब तक इस मसले पर भारत से आपत्ति जाहिर कर चुके हैं। जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को सुश्री शर्मा को पार्टी की सदस्यता से निलंबित कर दिया और दिल्ली मीडिया इकाई के प्रमुख नवीन जिंदल की सदस्यता को भी निलंबित कर दिया था।

दक्षिण कोरिया ने संयुक्त राष्ट्र, रूस, जापान, चीन के राजदूत बदले

सोल (वार्ता)। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यूं सुक-योल ने मंगलवार को कंबोडिया में देश के पूर्व राजदूत चांग हो-जिन को रूस में राजदूत नियुक्त किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति ने सोमवार और मंगलवार को कई नियुक्तियां कीं। इसके तहत ब्रिटेन में तैनात दक्षिण कोरिया के पूर्व राजदूत ह्वांग जून-कुक को संयुक्त राष्ट्र में राजदूत बनाया गया है। जबकि कोरिया राष्ट्रीय कुटनीतिक अकादमी के पूर्व प्रमुख यूं डुक-मिन को जापान में राजदूत नियुक्त किया गया है और सोल नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर चुंग जे-हो को चीन में राजदूत नियुक्त किया गया है।

श्रीनगर में सर्वाधिक पर्यटक बुकिंग वृद्धि

नई दिल्ली (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर पिछले वर्ष की तुलना में 3.5 गुणा से अधिक की वृद्धि के साथ अन्य सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों के मुकाबले सर्वाधिक बुकिंग वृद्धि हासिल करने वाला पर्यटन स्थल रहा है। पर्यटन क्षेत्र में किये एक अध्ययन के? अनुसार राज्य में बढ़ती रुचि के कारण श्रीनगर के अलावा पहलगाम और जम्मू शीर्ष पांच सांस्कृतिक स्थलों में शामिल रहे हैं। पूर्व में वाराणसी, पश्चिम में शिरडी, उत्तर में अमृतसर, दक्षिण में तिरुपति देश के शीर्ष आध्यात्मिक-यात्रा गंतव्य हैं। जनवरी से अप्रैल 2022 के बीच किए गए इस विश्लेषण के अनुसार, श्रीनगर, पहलगाम, बोधगया, शिरडी और जम्मू भारत के शीर्ष पांच सांस्कृतिक स्थलों में शामिल हैं। आध्यात्मिक केंद्र के रूप में देखा जाने वाला वाराणसी, 2022 में भारत में सबसे लोकप्रिय तीर्थ स्थल के तौर पर सूची में सबसे ऊपर है। इसके बाद तिरुपति, पुरी, अमृतसर और शिरडी का स्थान आता है।

आज का दिन देश के नागर विमानन क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक अवसर – ज्योतिरादित्य सिंधिया

सिंधिया ने जारी की देश की पहली राष्ट्रीय वायु क्रीड़ा नीति

नई दिल्ली (वार्ता)। केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने देश की पहली राष्ट्रीय हवाई खेल नीति को आज यहां जारी किया जिसमें 11 प्रकार के हवाई खेलों के लिए देश के विभिन्न स्थानों पर अलग अलग हवाई क्लस्टर समेत पूरा ईकोसिस्टम बनाने का प्रावधान किया गया है और इससे देश में पर्यटन, यात्रा, विनिर्माण और अवसंरचना विकास को और बल मिलेगा।

श्री सिंधिया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में इस नीति को जारी करते हुए कहा कि आज का दिन देश के नागर विमानन क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक अवसर है जब भारत में हवाई खेलों को बढ़ावा देने के लिए बहुत शोध एवं अध्ययन के बाद एक राष्ट्रीय वायुक्रीडा नीति को जारी किया जा रहा है। देश में इस समय करीब पांच हजार लोग हवाई खेलों से जुड़े हुए हैं और इससे करीब 80-100 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित होता है। नयी वायुक्रीड़ा नीति के बाद इस क्षेत्र में करीब एक लाख से अधिक लोग जुड़ने और राजस्व 10 हजार करोड़ रुपए तक होने की संभावना है। नागर विमानन मंत्री ने कहा कि उनके मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में भारतीय वायु क्रीडा महासंघ का गठन किया जाएगा जो देश में हवाई खेलों की सर्वोच्च शासकीय निकाय होगा और इसमें 11 प्रकार के हवाई खेलों के राष्ट्रीय संघों का गठन करके उनके अध्यक्षों एवं सचिवों, भारतीय एयरो क्लब के सदस्यों, तीन विशेषज्ञों और सदस्य सचिव के रूप में नागर विमान मंत्रालय के संयुक्त सचिव सहित कुल 34 सदस्य महासंघ के प्रशासकीय मंडल में होंगे। इसके सदस्यों में चार सरकार एवं अन्य निजी क्षेत्र के होंगे। श्री सिंधिया ने कहा कि जिन 11 प्रकार के हवाई खेलों को इस नीति में शामिल किया गया है उनमें एयरोबेटिक्स, एयरोमॉडलिंग एवं मॉडल रॉकेटरी, एमेच्योर बिल्ट एवं एक्सपेरीमेंटल एयरक्राफ्ट, एयर बैलूनिंग, ड्रोन, ग्लाइडिंग एवं पावर ग्लाइडिंग, हैंग ग्लाइडिंग एवं पावर्ड हैंग ग्लाइडिंग, पैराशूट (स्काईडाइविंग, बेस जम्पिंग एवं विंगसूट आदि), पैराग्लाइडिंग एवं पैरामोटरिंग (पावर्ड पैराशूट ट्राइक्स सहित), पावर्ड एयरक्राफ्ट (अल्ट्रालाइट, माइक्रोलाइट, एवं लाइट स्पोर्ट्स एयरक्राफ्ट आदि) तथा रोटरक्राफ्ट (ऑटोजाइरो सहित) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में इसमें और भी खेलों को उनकी लोकप्रियता के आधार पर जोड़ा जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि देश में हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, केरल, आंध्र प्रदेश, पूर्वोत्तर क्षेत्र में अनेक स्थानों पर अलग अलग हवाई खेलों के लिए आरक्षित वायु क्षेत्र या हवाई क्लस्टर बनाये जाएंगे जिनमें वायु यातायात नियंत्रक (एटीसी) की अनुमति से उनकी निगरानी में हवाई खेलों का आनंद लिया जा सकेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा में ग्लाइडिंग, राजस्थान के पुष्कर में हॉट एयर बैलूनिंग के लिए विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है जहां करीब 95 करोड़ लोगों की आयु 35 वर्ष से कम है। विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) अन्य शिक्षण संस्थानों, सशस्त्र सैन्य बलों, अर्द्धसैन्य बलों, पुलिस एवं आरक्षित पुलिस बलों के लोगों के बड़े पैमाने पर हवाई खेलों की ओर आकर्षित होने की संभावना है।

स्कूलों की बदली तस्वीर, बच्चों का स्वागत करने नए रंग-रोगन से तैयार पाठशाला

■ **आदर्श आंगनबाड़ियों में भी सुंदर पेंटिंग से बच्चों के आकर्षण और मनोरंजन का पूरा ध्यान**

कोरिया/नवप्रदेश। नए शैक्षणिक सत्र में बच्चों का स्वागत करने के लिए कोरिया जिले के 15 से ज्यादा शासकीय स्कूल नई चमक-दमक के साथ तैयार हैं। जिला प्रशासन द्वारा बच्चों के आकर्षण और बेहतर अधोसंरचना का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। जिससे बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिले। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशासन द्वारा यह पहल की गई है। जिसमें स्कूलों के संधारण, रंग-रोगन का काम शामिल है। वर्तमान में सभी स्कूलों में रंग-रोगन का काम पूरा किया जा चुका है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुप्ता ने बताया कि बच्चों को नया और अच्छा वातावरण देने के लिए स्कूलों में रंग-रोगन किये गए हैं। सभी स्कूल बच्चों के स्वागत के लिए तैयार हैं। हमारा प्रयास है कि नए माहौल में बच्चे नई ऊर्जा और उमंग के साथ पढ़ाई करें। इस क्रम में जिला मुख्यालय के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कटकोना विकासखडं बैकुंठपुर स्कूल की दशा बिल्कुल बदल गई है। माध्यमिक शाला तुम्मीबारी और माध्यमिक शाला चिरगुड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रनई से लेकर दूरस्थ क्षेत्र भरतपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिहारपुर तक 15 से ज्यादा स्कूलों को नया रूप मिला है। जिले में 954 प्राथमिक शाला, 414 माध्यमिक शाला, 71 शासकीय हाई स्कूल और 75 शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल हैं। सुंदर रंग-रोगन के साथ ही स्कूलों में आवश्यक मरम्मत और संधारण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

आंगनबाड़ियों का भी बदल रहा स्वरूप

छोटे बच्चों के आकर्षण और मनोरंजन का ध्यान रखते हुए आंगनबाड़ियों का भी स्वरूप धीरे-धीरे बदल रहा है। आदर्श आंगनबाड़ियां चिन्हांकित कर उनमें ए टू जेड, वर्णमाला और पोषण आहार को समझाने के लिए सब्जियों, फलों की पेंटिंग भी बनाई गई है। इसका उद्देश्य है कि बच्चों को आंगनबाड़ियों में आना रोचक लगे और खेल-खेल में वे नई जानकारी सीख सकें। जिले में मॉडल आंगनबाडी चिन्हांकित की गई हैं जहां सुंदर वॉल पेंटिंग की गई है।

277 मोर बालवाड़ी नर्सरी स्कूलों का होगा संचालन, 16 से होगी शुरूआत

■ **कलेक्टर ने विभागों के कार्यो की समीक्षा, समय सीमा के भीतर कार्य करने के दिए निर्देश**

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर डोमन सिंह ने राज्य सरकार की नवीनतम महत्वकांक्ष योजना मोर बालवाड़ी की तैयारियों का जायजा लिया। इसके तहत जिलें में 277 मोर बालवाड़ी (नर्सरी) विद्यालयों का चयन किया गया है। मोर बालवाड़ी का संचालन नये शैक्षणिक सत्र में 16 जून से प्रारंभ की जायेगी। इसके तहत विकासखंड बलौदाबाजार में 42, भाटापारा 41, बिलाईगढ़ 75, कसडोल 44, पलारी 30 एवं सिमगा 45 मोर बालवाड़ी शामिल है। मोर बालवाड़ी में 5-6 वर्ष आयु के बच्चों को नर्सरी एलकेजी की शिक्षा इसमें दी जायेगी। उक्त योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद् रायपुर के द्वारा शिक्षा विभाग से

कार्यक्रम समन्वयक एवं महिला बाल विभाग से दो महिला सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। कलेक्टर ने इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर के अधिकारियों को शासन से स्तर से प्राप्त विस्तृत दिशा निर्देश आज दिए है। साथ ही आज उन्होंने समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यो की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को समय सीमा के भीतर कार्य करने के निर्देश दिए है। उन्होनें कहा कि राजस्व एवं पंचायत विभाग के कार्य अधिक लंबित रहतें है। सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी ऐसे कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेते हुए समय सीमा के भीतर आवेदनों को निराकारण करनें के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। इस कार्य में किसी भी प्रकार लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही उन्होंने राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पंहुचाने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना एवं फसल परिवर्तन में तेजी एवं गौठानो को अधिक सशक्त करनें के निर्देश दिए है।

बाढ़ आपदा की तैयारियों का लिया जायजा : कलेटर डोमन सिंह ने मानसून के पूर्व बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों की सूची बनाने एवं उससे संबंधित तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए है। जल्द ही कन्ट्रोल रूम की स्थापना जिला मुख्यालय सहित सभी अनुविभाग मुख्यालयों में की जायेगी। उक्त बैठक में सभी जनपदों से ऑनलाइन माध्यम से सभी एसडीएम, सीईओ एवं अन्य विभागों के अधिकारी गण जुड़े हुए थे।

इन योजनाओं की समीक्षा

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य स्लम योजना, पौनी पसारी, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, सुराजी गांव योजना,गौधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं उनका विस्तार, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, महतारी दुलार योजना, वन अधिकार पत्र वितरण जैसे अन्य योजनाओं का विस्तृत समीक्षा किए। उन्होंने कहा कि गौठानों को ग्रामीण आजीविका का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही सभी जिला अधिकारियों को अपने अपने स्तर में जनचौपाल लगाकर आवेदनों को निराकरण करने के निर्देश दिए गए है।

ऑनलाइन जन शिकायतों के निराकरण में छत्तीसगढ़ पूरे देश में पहले नंबर पर

भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने की सराहना

रायपुर/नवप्रदेश। ऑनलाइन जन शिकायतों के निराकरण में पूरे देश भर में छत्तीसगढ़ ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अव्वल स्थान पर अपनी पहुंच बनायी है। भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग की बैठक में छत्तीसगढ़ की इस उपलब्धि के लिए सराहना की गई है। भारत सरकार के लोक शिकायत निराकरण के लिए बने पोर्टल में प्राप्त आवेदनों में से 97 प्रतिशत आवेदनों के निराकरण के साथ छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान पर दर्शाया गया है। गुणवत्ता युक्त निराकरण के लिए भी राज्य सरकार की सराहना की गई है। राज्य में विगत पांच वर्षों से तीन जून 2022 तक की स्थिति में प्राप्त 62 हजार 738 आवेदनों में से 60 हजार 998 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। लोक शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव द्वारा लगातार बैठकें ली जाती हैं तथा आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन विभागीय अधिकारियों को दिए जाते है। दर्ज प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से एक बजे तक वीसी के माध्यम से सुनवाई की जाती है। इसके लिए प्रतिदिन आठ जिला मुख्यालयों को वीसी के द्वारा राज्य के मंत्रालय से जोड़ा जाता है। वीसी में दूरस्थ जिले के आवेदक भी उपस्थित होकर अपनी बात रखते हैं। भारत सरकार का ऑनलाइन पोर्टल है। जिसमें ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है। राज्य सरकारों को उनसे संबंधित आवेदन ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए जाते हैं। इस पोर्टल के प्रकरणों की समीक्षा भारत सरकार का लोक शिकायत एवं प्रशासनिक सुधार विभाग तथा प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा समय-समय की जाती है। देश के सभी राज्यों की समीक्षा बैठक के दौरान यह जानकारी भारत सरकार द्वारा दी गई है।

एकतरफा प्रेम में सनकी आशिक का प्रेमिका पर हमला, मौके पर मौत

■ **कुल्हाड़ी से गर्दन पर किया वार, ट्यूशन जाने घर से निकली थी लड़की**

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में एक सनकी युवक ने 17 साल की नाबालिग लड़की का सिर कुल्हाड़ी से काट दिया। नाबालिग ट्यूशन पढ़ने जा रही थी, तभी आरोपी ने उस पर हमला कर दिया। इससे मौके पर ही युवती की मौत हो गई। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को हिरासत में लिया है। एकतरफा प्यार में सनकी आशिक ने वारदात को अंजाम दिया है। पूछताछ में यह बात सामने आई है कि वह अक्सर नाबालिग से छेड़खानी किया करता था, लेकिन भूमिका ने कभी इसे भी गंभीरता से नहीं लिया। मामला बालोद थाना क्षेत्र का है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, सांकरा (क) गांव निवासी भूमिका कोसरे (17 वर्ष) मंगलवार सुबह ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। इसी दौरान बरही गांव के रहने वाला रवि निषाद (32 वर्ष) ने उसका रास्ता रोक लिया और कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर दिया। भूमिका की मौके पर ही मौत हो गई। खून से लथपथ भूमिका के जमीन पर गिरते ही युवक वहां से भाग गया। ग्रामीणों ने रवि निषाद को हमला करते हुए देख लिया था, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी रवि निषाद को हिरासत में लिया है।

बालिका शासकीय छात्रावास में खुलेआम अश्लीलता

■ **डीईओ ने पुलिस को सुपुर्द करने की बजाए किया निलंबित**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय परिसर, शासकीय भवन, बालिका शासकीय छात्रावास, शासकीय कर्मचारी खुलेआम रंगरलियां मनाते हुए अपना फोटो वायरल करते हैं। संयुक्त कलेक्टर जांच कर दोषी मानते हुए शिक्षा विभाग उन्हें निलंबित कर देता है, लेकिन इसकी भनक पुलिस विभाग को नहीं होती है। जबकि यह गंभीर प्रवृत्ति का अपराध है। जिला शिक्षा अधिकारी अपने निलंबन आदेश में लिख रहे है और अखबारों में बयान दे रहे कि अधीक्षिका और अधीक्षक

खुलेआम रंगरलियां करते हुए मिले, इसलिए उन्हें निलंबित कर दिया गया है तो उन दोनों शासकीय कर्मचारियों को पुलिस को सुपुर्द क्यों नहीं किया गया। छत्तीसगढ़ पैरेंटस एसोसियेशन के द्वारा इस मामले में सोमवार को मंत्रालय और पुलिस मुख्यालय में शिकायत कर जिला शिक्षा अधिकारी आरएल ठाकुर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

दोषी अधीक्षिकाओं को क्यों बचाया जा रहा है

अंबागढ़ चौकी कन्या परिसर में छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म मामले में भी अधीक्षिका को बचा लिया गया और छात्रावास में रंगरलियां वाले मामले में भी अधीक्षिका को बचाया जा रहा है। अंबागढ़ चौकी कन्या परिसर में छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म मामले मे भी अधीक्षिका के निलंबन आदेश में लिखा हुआ है कि अधीक्षिका को दुष्कर्म की घटना की जानकारी थी, लेकिन उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी अति विलंब से दी गई। यह पाक्सो एक्ट की धारा 21 का यह उल्लघंन है और यह पुलिस का मामला था और अधीक्षिका के खिलाफ एफआईआर होना था जो आज तक नहीं हुआ, सिर्फ निलंबन कर छोड़ दिया गया।

गर्मी बढ़ने से हिट स्ट्रोक का खतरा बढ़ा खाली पेट से बचें पानी का सेवन करें खूब

भाटापारा/नवप्रदेश। जिले में एकाएक तेज धूप से गर्मी बढ़ने लगी है। जिससे हिट स्ट्रोक का खतरा गया है। सीएमएचओ डॉ एमपी महिस्वर ने बताया कि हीट वेव जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है। जब कभी भी वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 फैरेनहाइट से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होती है। इसका असर बच्चों, बुजूर्गो एवं कोमार्बिड लोगों में सर्वाधिक होता है।

प्रदेश सरकार की योजनाओं से लोग हुए आत्मनिर्भर : भगत

छत्तीसगढ़ में फिर बनेगी कांग्रेस सरकार, खाद्य मंत्री से विशेष चर्चा

राजेश शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं ने राज्य के हर तबके के लोगों को खुशहाल बना दिया है। आज गांव-गरीब-किसान-मजदूर सभी वर्ग के लोग आत्मनिर्भर बन गए। उक्त बातें प्रदेश के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने सोमवार को अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य गणेश सिंह ध्रुव के निवास में नवप्रदेश के जिला प्रमुख राजेश शर्मा से विशेष चर्चा करते हुए कही। खाद्य मंत्री भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राज में राज्य लगातार विकास की ओर बढ़ रहा है। लोगों में जागरूकता आई है और लोग स्वालम्बी बनकर आतनिर्भर हो रहे हैं। इसका एक मात्र कारण प्रदेश की विभिन्न योजनाएं है जो धरातल पर चल रही है। गोधन न्याय योजना ने गांव की महिलाओं की तस्वीर बदल दी है। गोबर खरीदी की बात हो या वर्मी कम्पोस्ट खाद की बात हो इसमें महिलाएं आगे आकर आर्मनिर्भरता की ओर बढ़ गई हैं। राजीव गांधी

किसान न्याय योजना का सीधा लाभ किसानों को मिलने से उनके रहन सहन के स्तर में बदलाव आ गया है। किसानों की सोच बदल गई है। गांव का प्रत्येक किसान सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है। मंत्री श्री भगत ने कहा कि चुनाव के समय की गई सभी घोषणाओ में थोड़ी बहुत बची हुई वो भी अपने समय पर पूरी हो जाएगी और अगले वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार एक बार फिर पूर्ण बहुमत से बनेगी।

केंद्र सरकार को बताया सुपर फ्लाप

वहीं उन्होंने केंद्र सरकार को सुपर फ्लाप बताते हुए कहा कि उनकी सारी योजनाएं पूरी तरह से फेल हो चुकी है। चाहे वो नोट बंदी की बात हो या जीएसटी की हो। सभी मामलों में केंद्र सरकार हवा हवाई बात कर रही है। चर्चा के दौरान अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य गणेश सिंह ध्रुव भी उपस्थित थे। इसके पूर्व मंत्री भगत का कृष्णा नगर पहुंचने पर आदिवासी परम्परानुसार उनका स्वागत कॉलोनीवासियों ने किया।

500 पदों की भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव द्वारा 15 जून तक प्रतिदिन कार्यालयीन समय में वृहद पैमाने पर प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय तहसील परिसर राजनांदगांव टेक्नोटॉस्क प्रायवेट लिमिटेड द्वारा आरोहण बीपीओ सेंटर टेड़ेसरा जिला राजनांदगांव में कस्टमर सर्विस एसोसिएट पद के 500 पदों की भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक रोजगार ने बताया कि आवेदकों को अपने साथ शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य हैं। आने जाने का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।